

साय सरकार बदल रही आदिवासी अंचल की तस्वीर
महामाया एयरपोर्ट का लोकार्पण


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल, मुख्यमंत्री डिप्टी सीएम, कैबिनेट मंत्री, सांसद व विधायक



## सरगुजा की ऊंची उड़ान, पीएम ने बनारस से दबाया बटन और दरिमा से उड़ा पहला विमान

**हरिभूमि न्यूज/अंबिकापुर।** आज का दिन इतिहास के पन्नों पर सुनहरे अक्षरों में दर्ज होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि सरगुजा वासियों की वर्षों पुरानी मांग आज पूरी हुई। बनारस में आयोजित भव्य समारोह में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंबिकापुर के दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट का लोकार्पण रिमोट का बटन दबाकर किया। इस सुनहरे पल के साक्षी बने प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय। शेष पेज 7 पर

### आठ दशक पुराना सपना पूरा : विष्णुदेव

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरगुजा वासियों को इस ऐतिहासिक और गौरवशाली पल की बधाई देते हुए कहा कि आज सरगुजा वासियों का आठ दशक पुराना सपना पूरा हो रहा है। वर्षों से हमारी इच्छा थी एयर कनेक्टिविटी मिले। पीएम नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की चिंता करते हुए कहा था कि देश का हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा करे शेष पेज 7 पर

## आकाश से जमीन तक आवागमन की सुविधाओं का हो रहा विस्तार



**अंबिकापुर।** प्रदेश में विष्णुदेव साय सरकार बनने के बाद सरगुजा संभाग ने भी विकास की रफ्तार पकड़ ली है। आकाश से लेकर जमीन तक आवागमन की सुविधाओं का विस्तार करने की दिशा में अनेकों काम किए जा रहे है। प्रदेश सरकार की बदौलत ही सरगुजा के मां महामाया एयरपोर्ट से उड़ान सेवा शुरू हो गई है जबकि जशपुर जिले की सड़कें भारत माला प्रोजेक्ट में शामिल हो गई है। भारत माला की सड़क बनने शेष पेज 7 पर

सूर्यकांत, टुटेजा, अनवर ढेबर विश्नोई,को वीआईपी ट्रीटमेंट

## जेल में बंद ईडी के आरोपियों का वीआईपी ट्रीटमेंट खत्म, सामान्य सेल में हुए शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

सेंट्रल जेल रायपुर में ईडी के मामलों से संबंधित आरोपियों को मिल रही वीआईपी सुविधा बंद कर दी गई है। बताया गया है कि ईडी के ये आरोपी सूर्यकांत तिवारी, अनवर ढेबर, अनिल टुटेजा और समीर बिश्नोई सहित महिला आरोपी भी जेल जाने के बाद से वहां की वीआईपी बैरक में रखे गए थे, जहां इन्हें वीआईपी सुविधा मिल रही थी। अब ये सुविधा समाप्त करते हुए इन चारों को सामान्य बैरक में भेज दिया गया है। इस संबंध में जेल अधीक्षक अमित शांडिल्य का कहना है कि जेल में रोटेशन होता रहता है, लेकिन यह सुरक्षागत विषय है। इस बारे में ज्यादा बात करने से उन्होंने इनकार कर दिया।

- मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद जेल डीजी हिमांशु गुप्ता की सख्ती



### घर का खाना, च्यवनप्राश ड्राई फ्रूट आते थे

जेल के इन वीआईपी बंदियों को अब वीआईपी बैरक से हटाने के बाद इन्हें अब तक मिल रही खास सुविधाएं भी बंद हो जाएंगे। इन कैदियों को विशेष सुविधा जैसे कि घर से खाना आना, राशन आना, ड्राई फ्रूट आना, च्यवनप्राश आना, सब बंद कर दिया गया हैं। अब आरोपियों को सामान्य कैदियों की तरह खाना मिलेगा। सामान्य कैदियों की तरह ही रहना होगा। साथ ही मोबाइल फोन उपलब्ध कराने या बात करते पाए जाने सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### जेल डीजी की सख्ती

सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बीते दिनों कानून व्यवस्था पर बैठक ली थी। उन्होंने सबके साथ सामान्य व्यवहार करने और बाहर और जेल के अंदर वीआईपी ट्रीटमेंट को खत्म करने के निर्देश दिए थे। जेल डीजी हिमांशु गुप्ता ने उसके बाद सख्ती की है। उसका असर है कि ईडी के आरोपियों को मिल रही सुविधाएं बंद कर दी गई हैं। साथ ही कैदियों को प्रेरक और रचनात्मक कार्यों हेतु रुझान करने के लिए रायपुर जेल रेडियो स्टेशन की स्थापना का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसके साथ ही ये निर्देश भी दिए गए हैं कि किसी भी बंदी को मोबाइल फोन न उपलब्ध कराया जाए। ऐसा करने पर जेल स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

एनआरआई कोटा का खेल: दूर के रिश्तेदारों के भरोसे ज्यादातर ने लिया है प्रवेश

## संडे को भी किसी ने नहीं दिखाए 'सबूत' आज आखिरी दिन, फिर एडमिशन रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

*दूर के रिश्तेदारों को गार्जियन बनाकर एनआरआई कोटे से प्रदेश के निजी मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन लेने वाले छात्रों में हड़कंप मचा हुआ है। रविवार को भी स्क्रूटनी कमेटी खाली बैठी रही। सोमवार को इन छात्रों के पास दस्तावेज प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर है, नहीं तो उनका एडमिशन निरस्त हो जाएगा।*

हरिभूमि लगातार

चिकित्सा शिक्षा विभाग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि पुराने नियम के अनुसार ज्यादातर लोगों ने एनआरआई कोटे का लाभ दूर के रिश्तेदारों के सहारे लिया है, इसलिए ही वे स्क्रूटनी कमेटी के सामने पेश नहीं हो रहे हैं, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार उनके दस्तावेज मान्य नहीं हैं।

विभागीय सख्ती और तीन दिन में साक्ष्य नहीं देने पर प्रवेश निरस्त करने के आदेश के बाद दूसरे राउंड शेष पेज 7 पर

### विभागीय सख्ती से मचा हड़कंप, बचाव के लिए दूसरा रास्ता खोज रहे

### ऐसा है गणित

प्रदेश में एनआरआई कोटे की 103 सीटें हैं। पहले राउंड में 48 और दूसरे में 45 स्टूडेंट्स को प्रवेश दिया गया है। दस सीटें मॉकअप राउंड के लिए बाकी हैं। पहले राउंड की सीटें क्लियर हो चुकी हैं। दूसरे राउंड की 45 सीटों को ही कोर्ट के आदेश के आधार पर जांच के दायरे में लिया गया है। इनके ही दस्तावेजों की दोबारा जांच की जा रही है।



एनआरआई कोटे से एमबीबीएस में प्रवेश लेने वाले पहले दिन झांके तक नहीं, दो दिन बाद प्रवेश रद्द

### शासन के आदेश का पालन होगा

*एनआरआई कोटे के मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के आधार पर शासन द्वारा जारी आदेश का पालन किया जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय के 24 सितंबर के आदेश के अनुरूप संवीक्षा में जो पात्र पाए जाते हैं उनका प्रवेश मान्य होगा, शेष को निरस्त किया जाएगा।*

*किरण कौशल, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा विभाग*

### भाई विदेश में...

सूत्रों के अनुसार, जेएन मेडिकल कॉलेज में मौजूद कमेटी के समक्ष रविवार को दो छात्र उपस्थित हुए। एक छात्र ने बताया कि उसका भाई विदेश में रहता है, मगर इस संबंध में उसने कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए। दूसरे छात्र के पास भी विदेश में रहने वाले रिश्तेदारों से संबंधित कोई साक्ष्य नहीं थे। कमेटी द्वारा डिमांड किए जाने पर वह दस्तावेज लाने की बात कहकर वापस चला गया।

गृहग्राम कोड़िया में मातम

## लेह में ऑक्सीजन की कमी से गई छग के जवान की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई


ऑक्सीजन की कमी होने के कारण आर्मी जवान की लेह में मौत होने की खबर है। जानकारी मिलने पर उसके गृहग्राम कोड़िया में शोक की लहर है। मिली जानकारी के मुताबिक कोड़िया, दुर्ग निवासी उमेश साहू आर्मी का जवान था। वह लेह लदाख में पदस्थ था। जहां ऑन ड्यूटी उमेश की मौत हुई। सूचना मिलने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उमेश की मौत की खबर लगते ही गांव में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। आर्मी में हवलदार रैंक में पदस्थ जवान बीते 10 वर्षों से भारतीय सेना का हिस्सा बनकर देश की सुरक्षा में तैनात था। घर में उनके बुजुर्ग बीमार पिता, पत्नी और दो बच्चे हैं। जवान की मौत होने से मासूमों के सिर से पिता का साया उठ गया है।



*परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल, दस साल से आर्मी में पदस्थ था*

### प्रतिभाशाली उमेश

जवान उमेश शुरु से ही प्रतिभाशाली छात्र था। हमेशा देश भक्ति के लिए प्राण न्योछावर करने की बातें दोस्तों के साथ करता रहा था। उमेश की नौकरी आर्मी में लगने से काफी खुश था। उमेश जब भी अवकाश के दिनों में गांव आया करता था। गांव के हर एक लोगों से मिलता था और हाल-चाल पूछा करता था।


AUTHORIZED NISSAN DEALERS: CHHATTISGARH: BILASPUR : SHIVA NISSAN- 9167196314, RAIPUR: OPPOSITE MAGNETO MALL: SHIVA NISSAN- 9167298723, MADHYA PRADESH: BHOPAL: SOHUM NISSAN- 8291060887, CHHINDWARA: SHREE KRISHNA NISSAN- 8291046174, GWALIOR: SHIVPURI LINK ROAD: SUMEDHA NISSAN- 9619894841, INDORE: GEETA BHAWAN SQUARE: ANAND NISSAN- 8291045843, JABALPUR: NEAR COMMERCIAL PETROL PUMP: PLATINUM NISSAN- 8291040124.

†Terms & conditions apply. All prices ex-showroom Delhi. Features may vary from variant to variant. Colours are indicative only and may vary due to printing constraints. Accessories shown may not be part of standard fitment. **The scheme is applicable on vehicles invoiced on or before 31st Oct 2024. Please visit your nearest Nissan dealer for more information. Finance is at the sole discretion of finance partners and NRFSI. *Segment/Class refers to B-SUV models with Length <4m. ^Leather mentioned in the features refers to Synthetic leather/Leatherette. ‡Standard Warranty 3 years or 100k kms whichever comes first. PlasmaCluster® is a registered trademark of the Sharp Corporation.

TBWA\33820924

NISSAN FINANCE

## महाराष्ट्र में सीट बंटवारे पर एमवीए में रार

**20 नवंबर को होगा मतदान नतीजे आएंगे 23 नवंबर को**

# 12 सीटों पर अड़ी कांग्रेस और उद्धव सेना, पवार सुलह कराने में जुटे

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे को लेकर महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के सहयोगियों के बीच टकराव थमने का नाम नहीं ले रहा है। साउथ मुंबई के ट्राइडेंट होटल में कल की नौ घंटे लंबी मैराथन बैठक के बाद, एमवीए नेता अभी तक विदर्भ में महत्वपूर्ण सीटों को लेकर आम सहमति पर नहीं पहुंच पाए हैं। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस और शिवसेना यूबीटी के नेता अब एमवीए में मतभेदों को सुलझाने और मध्यस्थता करने के लिए एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार के पास पहुंच गए हैं। इस बीच, शिवसेना यूबीटी नेता अनिल परब और आदित्य ठाकरे ने मुंबई के वाईबी चव्हाण केंद्र में शरद पवार से मुलाकात की। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी शरद पवार से लगातार संपर्क में हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान उद्धव ठाकरे गुट वाली शिवसेना ने अपनी रामटेक और अमरावती सीटें कांग्रेस को दे दी थीं। इसलिए उद्धव सेना विधानसभा चुनाव में अधिक सीटें चाहती है और विदर्भ में कुल 12 सीटों पर दावा किया है। शिवसेना यूबीटी का तर्क है कि इन 12 सीटों में ऐसी सीटें शामिल हैं जहां एमवीए के कोई मौजूदा विधायक नहीं हैं।



### कांग्रेस का भी इन्हीं 12 सीटों पर दावा

कांग्रेस पार्टी इन बारह सीटों पर दावा तो कर ही रही है, साथ ही नासिक पश्चिम सीट पर भी चुनाव लड़ने पर जोर दे रही है, जहां शिवसेना ठाकरे गुट ने सुधाकर बडगुजर की उम्मीदवारी लगभग तय कर ली है। ट्राइडेंट होटल की बैठक में महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने नासिक पश्चिम सीट पर दावा ठोका तो शिवसेना यूबीटी के राज्यसभा सांसद संजय राउत उठकर बाहर चले गए. शिवसेना ठाकरे समूह ने अपने विधायकों की तत्काल बैठक बुलाई है। ऐसा लग रहा है कि अगर शिवसेना यूबीटी और कांग्रेस के बीच खींचतान बढ़ती रही तो एमवीए में सीट बंटवारे पर सौहार्दपूर्ण तरीके से हल नहीं निकल पाएगा।

**एमवीए में विवाद का कारण बनी हैं ये 12 सीटें**

अरमोरी, गढ़चिरौली, गोंदिया, भंडारा, चिमूर, बल्लारपुर, चंद्रपुर, रामटेक, कामठी, दक्षिण नागपुर, अहेरी, भद्रावती वरोरा

### नागपुर साउथ वेस्ट से फडणवीस कामठी से बावनकुले को टिकट



महाराष्ट्र चुनाव के लिए बीजेपी की पहली लिस्ट जारी

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी है। इसमें 99 कैंडिडेट्स के नाम का ऐलान किया गया है। बीजेपी ने देवेंद्र फडणवीस को नागपुर साउथ वेस्ट से चुनावी मैदान में उतारा है, जबकि महाराष्ट्र बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले को कामठी से टिकट दिया है। वहीं, कणकवली सीट से नीतीश नारायण राणे को और घाटकोपर वेस्ट से राम कदम को कैंडिडेट बनाया है। बता दें कि महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों पर एक फेज यानी 20 नवंबर को मतदान होगा, जबकि नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन मिलकर चुनाव लड़ रहा है, इसमें बीजेपी, शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी (अजित गुट) शामिल हैं। सीट शेयरिंग को लेकर पिछले दिनों हुई लंबी बैठकों के बाद आज बीजेपी ने अपनी पहली लिस्ट जारी की।

**नेतन्याहू पर हमले के बाद कहर बरपा रही इजरायली सेना**

# गाजा में भीषण हवाई हमला 73 फिलिस्तीनियों की मौत

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव

गाजा पट्टी के बेत लाहिया इलाके में इजरायल ने बड़ा हमला किया है। इस हमले में कम से कम 73 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। मरने वालों में ज्यादतर महिलाएं और बच्चे हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक ये हमला शनिवार देर रात बम विस्फोट के जरिए किया गया. इस हमले के बाद कई लोगों के मलबे में दबे होने की बात कही जा रही है। हमास का कहना है कि इजरायल ने अपने इस ताज़ा हमले में भीड़भाड़ वाली जगह को निशाना बनाया है। फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी वफा के अनुसार इजरायली हमलों में एक पूरा आवासीय परिसर ही नष्ट हो गया है। वहीं इस हमले को लेकर इजरायल का कहना है कि वह इससे जुड़ी



रिपोर्ट की जांच कर रहा है सैकड़ों टन बारूद झेल चुके गाजा में जमीन से लेकर आसमान तक सिर्फ और सिर्फ तबाही की तस्वीरें नजर आती हैं। जंग की त्रासदी झेल रहे लोगों की जिंदगी बमबारी के बीच गुजर रही है। जान बचाने के लिए लोग इधर-उधर भाग रहे हैं।

### 19 अक्टूबर तक मारे गए 42 हजार से ज्यादा

फिलिस्तीन के स्वास्थ्य विभाग ने दावा किया है 19 अक्टूबर तक कुल 42 हजार 519 लोग मारे जा चुके हैं। इन हमलों में पिछले 24 घंटे के अंदर 92 लोगों की मौत हुई है और 9 जख्मी हुए हैं। इजरायल ने गाजा के पश्चिमी इलाके में शनिवार को स्कूल के पास अल शाती रिफ्यूजी कैम्प पर हमला किया था, जिसमें 7 लोगों की मौत हुई. उत्तरी गाजा पट्टी के जबालिया में हुए हमलों में 5 लोगों की जान गई. इजरायल ज्यादातर हवाई हमले कर रहा है। इजरायल ने कहा है कि गाजा पट्टी पर चल रही लड़ाई में 20 साल के स्टाफ सार्जेंट ऑफिर बरकोविच और 19 साल के सार्जेंट एलिशाई यंग शहीद हो गए हैं। दोनों जवान 52वीं बटालियन के 401वीं ब्रिगेड में तैनात थे. इन दोनों की मौत के साथ सिर्फ गाजा पट्टी में अब तक इजरायल के 357 जवान शहीद हो चुके हैं।

## सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, पुंछ से 2 आतंकी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ चल रही है।

- **शुरू किया गया संयुक्त एंटी-इन्फिल्ट्रेशन ऑपरेशन**

जहां चिनार क्रॉप्स के आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, इस क्षेत्र में एक संयुक्त एंटी-इन्फिल्ट्रेशन ऑपरेशन शुरू किया गया है। संभावित घुसपैठ के बारे में खुफिया सूचनाओं के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा एलओसी के सामान्य क्षेत्र उरी में एक संयुक्त एंटी-इन्फिल्ट्रेशन ऑपरेशन शुरू किया गया। सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाया और चुनौती दी, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग की।

चौकस सैनिकों ने प्रभावी फायरिंग के साथ जवाब दिया। ऑपरेशन जारी है। इससे पहले, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पुंछ जिले से दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। जम्मू-कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) आनंद जैन ने एएनआई को बताया कि गिरफ्तारियों से कई ग्रेनेड हमलों के मामलों



को सुलझाने में मदद मिली है। आनंद जैन ने कहा, हमने एक बड़ी सफलता हासिल की है क्योंकि हमने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने ग्रेनेड फेंकने और देश विरोधी पोस्टर लगाने जैसी गतिविधियां की थीं और गुरुद्वारों, मंदिरों, अस्पतालों और सेना के ठिकानों पर ग्रेनेड फेंके गए थे। जहां आतंकवादियों का उद्देश्य क्षेत्र की साम्प्रदायिक सद्भाव को बाधित करना था।

इससे पहले शुक्रवार को, सुरनकोट सेक्टर के डुंडक क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी से जुड़े व्यक्ति को पकड़ लिया। पुलिस ने पुष्टि की कि संदिग्ध के पास से चार ग्रेनेड बरामद हुए, जो हाल के आतंकवादी घटनाओं को सुलझाने में एक महत्वपूर्ण प्रगति हो सकती है। और वही शुक्रवार को, बिहार के प्रवासी मजदूर अशोक चौहान का शव शोपियां जिले में गोली लगने के घावों के साथ पाया गया।

## सीएम नायडू ने की ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपील

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बढ़ती बुजुर्ग आबादी को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए लोगों से अधिक संख्या में बच्चों को जन्म देने की अपील की है। सीएम ने खास तौर पर दक्षिणी राज्यों के परिवारों से अधिक बच्चे पैदा करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या में गिरावट और युवाओं का पलायन राज्य के लिए खतरा बन सकता है।



नायडू ने यह भी कहा है कि 'जनसंख्या प्रबंधन' के तहत कानून लाने पर भी विचार किया जा रहा है। इसमें बड़े परिवारों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के प्रमुख ने स्वीकार किया कि राज्य ने पहले एक कानून लागू किया था, जिसके तहत दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्तियों को स्थानीय चुनाव लड़ने से रोका गया था।

उन्होंने कहा कि इस कानून को निरस्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा, 'हम अब इसे बदलने पर विचार कर रहे हैं सरकार अधिक बच्चों वाले परिवारों को अधिक लाभ दे सकती है।' इस कानून से बड़े परिवारों को चुनाव लड़ने का मौका मिलेगा, और इससे जनसंख्या बढ़ाने को को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में प्रजनन दर घटकर 1.6 हो गई है, जो राष्ट्रीय औसत 2.1 से काफी कम है। यह स्थिति दक्षिणी राज्यों को बूढ़ी होती आबादी की समस्या में धकेल सकती है।

**पत्नी समेत 6 लोगों पर लगा धोखाधड़ी का आरोप**

## फेमस कोरियोग्राफर रेमो ने की डांस ग्रुप से ठगी



एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉलीवुड के जाने-माने कोरियोग्राफर और डायरेक्टर रेमो डिसूजा, उनकी पत्नी लिजेल डिसूजाऔर पांच अन्य लोगों के खिलाफ एक डांस ग्रुप के साथ चीटिंग करने का मामला दर्ज किया गया है।

मुंबई की ठाणे पुलिस ने बताया कि शनिवार को ये शिकायत दर्ज करवाई गई थी। रेमो और उनकी पत्नी समेत अन्य सभी लोऑगन पर 11.96 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि एक 26 साल के डांसर ने रेमो डिसूजा, उनकी पत्नी लिजेल और पांच अन्य लोगों पर ये आरोप लगाया है। पीड़ति डांसर ने 16 अक्टूबर को मुंबई के मीरा रोड पुलिस स्टेशन में अपनी शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने रेमो डिसूजा और अन्य 6 लोगों के खिलाफ धारा 465 (जालसाजी), 420 (धोखाधड़ी) और भारतीय न्याय संहिता की अन्य धाराओं तले इस मामले को दर्ज कर लिया है।

**ये है मामला**

शिकायत के मुताबिक, डांसर और उसके ग्रुप के साथ साल 2018 से जुलाई 2024 तक के बीच धोखाधड़ी की गई है। इस ग्रुप ने टीवी के एक शो में परफॉर्म कर जीत हासिल की थी। शिकायतकर्ता का कहना है कि रेमो और अन्य आरोपियों ने ऐसे दिखाए जैसे वो ग्रुप उनका है और उनकी जीती 11.96 करोड़ रुपये की इनामी धनराशि को हड़प लिया। रेमो डिसूजा और लिजेल डिसूजा के अलावा इस मामले में ओमप्रकाश शंकर चौहान, रोहित जाधव, फ्रेम प्रोडक्शन कंपनी, विनोद राऊत, एक पुलिसवाले और रमेश गुप्ता नाम के शख्स का नाम आरोपियों के रूप में शामिल है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में हुई दसवीं गिरफ्तारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने नवी मुंबई से एक कबाड़ व्यापारी को शूटर को हथियार मुहैया कराने के आरोप में रविवार को गिरफ्तार किया। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि इसके साथ ही इस मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। आरोपी की पहचान भागवत सिंह ओम सिंह (32) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से राजस्थान के उदयपुर का रहने वाला है और फिलहाल नवी मुंबई में रह रहा है। अधिकारी ने बताया कि सिंह को एक अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 26 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने अब तक भगवंत सिंह समेत 10 लोगों को सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को हुई हत्या के सिलसिले में विभिन्न स्थानों से गिरफ़्तार किया है। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सिद्दीकी की बांद्रा में तीन लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। सिद्दीकी पर हमला उनके विधायक बेटे के कार्यालय के पास किया गया था।

## खबर संक्षेप

### 21 किलोमीटर दौड़े उमर अब्दुल्ला

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ल ने श्रीनगर के पोलो



स्टेडियम से कश्मीर की पहली अंतर्राष्ट्रीय मैराथन को हरी झंडी दिखाई। इसमें अभिनेता सुनील शेट्टी ने भी हिस्सा लिया। सुनील शेट्टी ने कहा कि कश्मीर के इस मैराथन में भाग लेने के लिए यहां आ रहे हैं और यह एक बड़ी बात है... यह दुनिया के लिए स्वर्ग है। उमर अब्दुल्ला खुद भी कश्मीर मैराथन में 21 किमी दौड़े। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा, मैं आज अपने आप से बहुत खुश हूं। मैंने कश्मीर हाफ मैराथन 21 किलोमीटर को 5 मिनट 54 सेकंड प्रति किलोमीटर की औसत गति से पूरा किया।

### शी जिनपिंग को पता मैं पागल हूं: डोनाल्ड ट्रंप

**न्यूयॉर्क।** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने चुनाव प्रचार अभियान में



तर्क दिया कि अमेरिका के जितने भी विरोधी है वह ट्रंप के शासनकाल में अमेरिकी हितों के खिलाफ काम नहीं करेंगे। उनके मन में डर रहेगा। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें ताइवान की नाकेबंदी रोकने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल भी नहीं करना पड़ेगा। शी मेरा सम्मान करते हैं और वह जानते हैं कि मैं पागल हूं। चीनी राष्ट्रपति को लेकर ट्रंप ने कहा कि उनके साथ में मेरे संबंध काफी बेहतर रहे हैं और बहुत ही अच्छे हैं। ट्रंप ने कहा कि मैं उनके साथ में बहुत अच्छे तरीके से पेश आया।

**पुलिस को सौंपी रकम**

## 2.21 करोड़ रु. मिले फिर भी नहीं डगमगाया टैक्सी ड्राइवर का ईमान





एजेंसी ▶▶| दुबई

टैक्सी डाइवर के इस काम की चर्चा अब सोशल मीडिया से लेकर मीडिया तक में हो रही है। वहीं, लोग टैक्सी डाइवर की तारीफ कर रहे है। वहीं, टैक्सी ड्राइवर की ईमानदारी को देखते हुए दुबई पुलिस ने शख्स को सम्मानित किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक यात्री अबू जैद की टैक्सी में 10 लाख दिरहम की कीमत का सामान छूट गया।

**पुलिस ने समारोह कर किया सम्मानित**

यह रकम भारतीय मुद्रा में लगभग 2.21 करोड़ रुपए के बराबर है। इतनी बड़ी रकम पाकर किसी का भी ईमान डोल सकता है। हालांकि, अबू जैद ने एक पल के लिए भी लालच को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। अबू जैद ने तुरंत यह सामान पुलिस को सौंप दिया ताकि यह असली मालिक तक पहुंच सके। अबू जैद की ईमानदारी का सम्मान करने के लिए अल बरशा पुलिस स्टेशन में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया। पुलिस निदेशक ब्रिगेडियर माजिद अल सुवैदी ने उनकी ईमानदारी के लिए उनकी सराहना की।

**इजराइल ने जारी किया नया वीडियो**


## पत्नी और बच्चों के संग सुरंग में छिपता हुआ दिखा याह्या सिनवार

**6 अक्टूबर को बना था वीडियो**

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव

इजरायली डिफेंस फोर्स ने हमास चीफ याह्या सिनवार की मौत से पहले का नया फुटेज जारी किया है, जिसमें वह सुरंग के भीतर जाता नजर आ रहा है। आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हागरी ने कहा कि भयानक हमलों से पहले सिनवार 6 अक्टूबर की रात अपने परिवार के साथ भूमिगत बंकर में जाते दिखा।

वह खुद के जीवित रहने की तैयारी में जुटा था। फुटेज में दिख रहा है कि कैसे उसके लिए भोजन और दूसरी वस्तुओं की सप्लाई की जा रही है, ताकि लंबे समय तक वह सुरंग के भीतर रह सके।



**बचाव के प्रयास**

यह वीडियो क्लिप 6 अक्टूबर की देर रात का बताया जा रहा है, जबकि 7 अक्टूबर के इजरायल पर घातक हमला हुआ था। वीडियो में सिनवार अपनी पत्नी और बच्चों के साथ भूमिगत सुरंग में जाता दिख रहा है। इसे लेकर हागरी ने कहा कि एक बार फिर साबित होता है कि आतंकी संगठन हमास के नेता अपनी जान बचाने में लगे रहते हैं।

**सिनवार ने अपने साथ मोटी रकम भी रखी थी**

उन्हें तो महज अपने अस्तित्व के बारे में चिंता होती है। सिनवार ने अपने साथ मोटी रकम भी इकट्ठा कर रखी थी। आईडीएफ के प्रवक्ता ने कहा कि याह्या सिनवार युद्ध के दौरान खान यूनिस और राफा के बीच आवाजाही करता रहा। हमारा मानना था कि वह पूरे समय गाजा में था।

**बेहतर जिंदगी की जगह मिली मौत**

## मैक्सिको में घुसने की कोशिश भारतीयों समेत 6 की हुई मौत

एजेंसी ▶▶| मैक्सिको

मैक्सिको में घुसने का प्रयास कर रहे 6 अंतरराष्ट्रीय प्रवासियों की मैक्सिको सेना की गोलीबारी में मौत हो गई। ग्वाटेमाला सीमा के पास भारतीयों सहित



अन्य देशों के प्रवासियों को लेकर जा रहे एक ट्रक पर मैक्सिकन सेना ने गोली चला दी, जिससे 6 प्रवासियों की मौत हो गई। मैक्सिको रक्षा विभाग की तरफ से बुधवार को कहा गया कि हमारे सैनिको द्वारा की गई गोलीबारी में 6 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 10 घायल हैं।मैक्सिको रक्षा विभाग के अधिकारी ने कहा कि सैनिकों द्वारा दावा किया गया है कि मंगलवार देर रात जब एक ट्रक और दो अन्य वाहन दक्षिणी राज्य चियापास के पास जा रहे थे तो उन्हें गोलियों की आवाज सुनाई दी। जांच के लिए वहां पहुंचे गोलियों के चलने से दो सैनिकों ने भी ट्रक पर गोलियां चला दी जो की भारत, मिस्र, नेपाल, क्यूबा और पाकिस्तान के प्रवासियों को लगीं।

## इजराइल ने उड़ाया हिजबुल्लाह का खुफिया मुख्यालय

**बेरूत।** इजराइल की सेना ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के घर पर हमले का बदला ले लिया है। सेना ने दक्षिणी बेरूत में हिजबुल्लाह के खुफिया मुख्यालय को निशाना बनाया। इस हमले में हिजबुल्लाह के तीन बड़े लीडर मारे गए हैं।

इजराइल की सेना के मुताबिक हवाई हमले में एल्हाग अब्बास सलामेह, राचा अब्बास इचा और अहमद अली हसीन मारा गया है। हिजबुल्लाह के एक भूमिगत हथियार कार्यशाला को भी निशाना बनाया गया है।

उधर, इजरायली हमलों से हिजबुल्लाह अभी पस्त नहीं हुआ है। वह लगातार इजरायल को निशाना बना रहा है। आईडीएफ के मुताबिक 378 दिनों से हिजबुल्लाह के हमले इजरायल पर जारी हैं। पिछले एक हफ्ते से उत्तरी इजरायल में लगातार सायरन बज रहे हैं। हिजबुल्लाह के हमलों से इजराइली नागरिक दहशत में हैं। यही वजह है कि सेना को हिजबुल्लाह के खिलाफ हमले करने पड़ रहे हैं।

**पीएम मोदी 22-23 अक्टूबर को रूस में रहेंगे**

# ब्रिक्स से ज्यादा पुतिन-जिनपिंग से मुलाकात रहेगी महत्वपूर्ण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिक्स सम्मेलन के लिए रूस दौरे पर जाने वाले हैं। बताया गया है कि पीएम मोदी 22-23 अक्टूबर रूस में रहने वाले हैं, वहां पर उनकी ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधियों से मुलाकात होनी है। इसके ऊपर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी पीएम मुलाकात करने वाले हैं। इस साल यह उनकी दूसरी मुलाकात होगी। माना जा रहा है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ भी द्विपक्षीय वार्ता हो सकती है।



**सम्मेलन के दौरान पुराने कार्यों की प्रगति पर तो चर्चा होने ही वाली है**

**पीएम मोदी की लीडरशिप में विश्वास दिखा रही है दुनिया प्रभाव भी बढ़ा**

**इस बार ब्रिक्स सम्मेलन है खास**

अभी के लिए खबर है कि जिन मुद्दों के साथ ब्रिक्स की पिछली बैठकें संपन्न हुई हैं, उन्हीं मुद्दों पर आगे बढ़ा जाएगा। इस बार ब्रिक्स बैठक का टॉपिक 'वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करना' रखा गया है। अब इस सम्मेलन के दौरान पुराने कार्यों की प्रगति पर तो चर्चा होने ही वाली है, साथ में किन नई दिशाओं में आगे बढ़ा जा सकता है, कहां देशों के बीच और ज्यादा सहयोग रह सकता है, इस पर भी मंथन देखने को मिलेगा।

**पुतिन से मुलाकात के मायने**

*अगर यह मुलाकात हो जाती है तो दोनों ही देशों के बीच में रिश्ते फिर पटरी पर लौट सकते हैं। इसके अलावा रूसी राष्ट्रपति से तो पीएम का मिलना तय माना जा रहा है। हाल ही में वे यूक्रेन गए थे जहां उन्होंने राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की और युद्ध पर भी चर्चा की। ऐसे में भारत की कूटनीति को बरकरार रखते हुए अब वे फिर पुतिन से भी बातचीत करने वाले हैं। यहां समझने वाली बात यह है कि दुनिया के कई देश रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत को एक मध्यस्त की भूमिका में देखते हैं, वहां भी पीएम मोदी की लीडरशिप में विश्वास दिखा रहे हैं।*

**जिनपिंग से मुलाकात के मायने**

अब ब्रिक्स सम्मेलन को अहम इसलिए भी माना जा रहा है क्योंकि पीएम मोदी और जिनपिंग की संभावित बैठक की चर्चा काफी ज्यादा है। 2020 के बाद से ही दोनों देशों के बीच में द्विपक्षीय बैठक नहीं हुई है, लगातार बढ़ रहे सीमा विवाद ने भी स्थिति को सुधरने का मौका नहीं दिया था। लेकिन अब इस समय सीमा पर शांति है, माना जा रहा है कि सुधार भी हुआ है।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**सुनील सोनी इतने सारे पदों पर रहे, नेता के रूप में क्यों नहीं जाने जाते।**

लो प्राफाइल में रहकर काम किया, पार्टी ने मुझे कभी खाली नहीं रखा। सरकारी पद है तो उस पर काम किया। एक अच्छे कार्यकर्ता के रूप में काम करता रहा। मेरे पिताजी ने अक्सर कहा कि एक अच्छे कार्यकर्ता बनकर काम करना चाहिए। जब मैं दुर्गा कॉलेज का अध्यक्ष था, तब अटल जी आए थे। उन्होंने कहा था कि आप पार्टी के अच्छे कार्यकर्ता बन गए तो वही काफी है। मैं वैसे पार्टी का एक अच्छा कार्यकर्ता हूं।

**बृजमोहन जी का चुनाव काफी महंगा होता है। दूसरे पार्टी के लोग कितना सहयोग करेंगे।**

कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर चुनाव में लड़ेंगे और इसे जीतेंगे भी। बहुत कम दिन चुनाव के लिए बचे हैं। लोग जानते हैं कि मैं क्या हूं और कितना सक्षम हूं। मुझ पर सबका भरोसा है, लोगों का आशीर्वाद मुझे मिलेगा। मेरे संबंध विपक्षी पार्टी के लोगों से भी हैं, लेकिन चुनाव हम अपने दम पर लड़ते हैं।

**सरकार के 10 महीने कितना भारी पड़ेगा आप पर।**

कांग्रेस जितने आरोप सरकार पर लगा रहे हैं, वो एक तरफ है। शहर अपराधियों का गढ़ हो गया है यह कांग्रेस सैकड़ों बार कहा है। कांग्रेस के पांच साल के कार्यकाल को ▶▶| शेष पेज 7 पर

खास खबर

# लोग जानते हैं कि मैं क्या हूं और कितना सक्षम हूं, मुझ पर सबका भरोसा है : सोनी

## चुनावी संवाद में सुनील सोनी से डॉ. हिमांशु द्विवेदी की विशेष बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी सुनील सोनी ने कहा कि क्षेत्र के जनता के लिए काम करूंगा। उनकी समस्याओं को पूरी ईमानदारी से समाधान करने का प्रयास करूंगा। जनता को कभी निराश नहीं करूंगा। भाजपा कार्यकर्ता के रूप में कार्य करता रहा। आगे भी एक अच्छा कार्यकर्ता बने रहने का प्रयास करूंगा। महापौर, सहित कई पदों पर काम किया, रायपुर शहर में जो काम किया उसका लाभ हमें मिलेगा। लोग जानते हैं कि मैं क्या हूं और कितना सक्षम हूं। मुझ पर सबका भरोसा है। चुनावी संवाद में आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने उनसे चर्चा की।

**चुनाव में टिकट मिलने से कितने चौंके थे आप। कई दावेदार थे आपको कितना बड़ा झटका लगा।**

पहले मुझे पार्षद चुनाव लड़ाया गया। उसके बाद महापौर चुनाव लड़ाया गया। मुझे सबसे बड़ा आश्चर्य तब लगा जब मुझे सांसद का टिकट दिया गया। उस समय न मैंने टिकट मांगा और न ही कोई कोशिश की थी। वैसे बहुत से दावेदार दक्षिण विधानसभा थे। स्वाभाविक है यह सीट लंबे सामय बाद खाली हुई है। यकिन मानिए विधायक चुने जाने पर अच्छा काम करेंगे। बृजमोहन ने जो काम आगे बढ़ाया था उसे पूरा करेंगे। आपने मुझे महापौर और सांसद के रूप में कार्य करते देखा है।




गांदरबल जिले के सोनमर्ग क्षेत्र में बड़ी वारदात, सुरक्षा बलों ने घेरा इलाका

# कश्मीर में आतंकी हमला, डॉक्टर और 5 श्रमिकों को गोलियों से किया छलनी

*कश्मीर के गांदरबल में सोनमर्ग के पास गगनगीर इलाके में जेड मोड़ सुरंग निर्माण कर रही कंपनी में कार्यरत प्रवासी मजदूरों पर रविवार की रात आतंकियों ने हमला कर दिया। आतंकियों ने एक डॉक्टर और पांच श्रमिकों को गोलियों से छलनी कर दिया। हमले को अंजाम देकर आतंकी वहां से भाग खड़े हुए। सूचना मिलने पर सेना और जम्मू-कश्मीर के जवान पहुंचे। उन्होंने घेराबंदी करके आतंकियों को खोजने का काम शुरू कर दिया।*

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

मध्य कश्मीर के गांदरबल में गगनगीर गुंड इलाके में आतंकियों ने सुरंग बना रही कंपनी एप्को के कर्मियों के कैंप पर पहुंचकर अंधाधुंध फायरिंग की। हमला होते ही कर्मचारियों में भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। चीख पुकार मच गई। हमले में एक डॉक्टर और 5 श्रमिकों की मौत हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षा बलों ने मौके पर पहुंचकर पूरे इलाके को घेर कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है ताकि हमले में शामिल आतंकियों को मार गिराया जा सके। सुरक्षा बलों के अधिकारियों ने प्रवासी मजदूरों से घटना के बारे में जानकारी हासिल की है। घटना के बाद पूरे इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गई है। प्रवासी मजदूरों के कैंप पर भी अतिरिक्त फोर्स की तैनाती कर दी गई है। वाहनों की तलाशी भी ली जा रही है। घटनास्थल पर सुरक्षा बलों की टीम मौजूद रही और इलाके में सर्च ऑपरेशन ▶▶| शेष पेज 7 पर

- मृतकों में पांच गैर स्थानीय, इनमें दो अधिकारी और तीन श्रमिक





### अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मरने वालों के परिवार के प्रति संवेदना जाहिर की है। उन्होंने कहा, इस जघन्य अपराध में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्हें हमारे सुरक्षा बलों की तरफ से कठोर जवाब का सामना करना पड़ेगा। इस अत्यंत दुःख की घड़ी में, मैं मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### ग्रेनेड फेंकने वाले दो आतंकी पुंछ से गिरफ्तार

इधर, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पुंछ जिले से दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। जम्मू-कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) आनंद जैन ने बताया कि हमने एक बड़ी सफलता हासिल की है क्योंकि हमने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने ग्रेनेड फेंकने ▶▶| शेष पेज 7 पर

### दो दिन पहले बिहार के मजदूर की हत्या

यह घटना दो दिन बाद हुई जब जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में एक बिहार के रहने वाले प्रवासी मजदूर की कथित तौर पर आतंकवादियों द्वारा हत्या कर दी गई थी। स्थानीय लोगों ने शुक्रवार सुबह सड़क किनारे शव को देखा था और फिर मजदूर की पहचान हो पाई थी। उसे तुरंत पास के जिला अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी थी।

### सीएम उमर अब्दुल्ला ने की निंदा

जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा, सोनमर्ग क्षेत्र के गगनीर में गैर-स्थानीय मजदूरों पर कायरतापूर्ण हमले की बहुत दुखद खबर है। मैं निहत्थे निर्दोष लोगों पर इस हमले की कड़ी निंदा करता हूं और उनके प्रियजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।




# जमीन के नाम पर ठगी डॉ. खंडूजा गिरफ्तार

- भिलाई पुलिस मरीज बनकर पहुंची लैब
- 19 करोड़ रुपए पीड़ित से लिया था बयाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जमीन का बयाना लेने के बाद दूसरे को जमीन बेचकर ठगी के आरोप में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मनमोहन खंडूजा को पुलिस ने कोलकाता से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420, 406, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी ▶▶| शेष पेज 7 पर

### न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया

डॉ. मनमोहन खंडूजा ने सोनल रुंगटा से बयाना राशि के रूप में 19 करोड़ 14 लाख रुपए लिए, लेकिन डॉ. खंडूजा रुपए लेने के बाद भी अपनी जुनवानी वाली जमीन को किसी विपिन कुमार अग्रवाल को बेच दी। सोनल रुंगटा ने इस मामले में थाने में शिकायत की। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

# मार्निंग वाक पर निकले दो छात्रों को हाईवा ने कुचला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

रविवार की तड़के दिल दहलाने वाले एक हादसे में 12 साल के दो छात्रों की मौत हो गई। हादसे में 17 वर्षीय एक नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद गांव में आक्रोश फैल गया। मृत छात्रों के शव को सड़क पर रखकर ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। उच्चाधिकारियों की घंटों समझाइश के बाद शाम 5 बजे छात्रों का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। केरेगांव थानांतर्गत ग्राम सलोनी में मॉर्निंग वाक पर निकले दो छात्रों को हाईवा ने अपनी चपेट में ले लिया। ▶▶| शेष पेज 7 पर

### 50-50 लाख मुआवजा पर अड़े

इधर, ग्रामीणों ने बीच सड़क पर चक्काजाम कर दिया। मौके की नजाकत को देखते हुए अपर कलेक्टर मरकाम, डिप्टी कलेक्टर तेजपाल ध्रुव, डीएसपी घटनास्थल पहुंचे। ग्रामीण मृतकों के परिवार को 50-50 लाख रुपए मुआवजा देने के लिए अड़े रहे। शवों को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया गया। अधिकारियों के काफी मान-मनौव्वल के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया। शाम 5 बजे दोनों छात्रों का अंतिम संस्कार किया गया।









# पड़ोसी राज्यों के बाघों को भाने लगे छत्तीसगढ़ के जंगल

## बार नवापारा के बाद पेंच टाइगर रिजर्व की बाघिन की एटीआर में होने की पुष्टि

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश तथा महाराष्ट्र में बाघों की संख्या में साल दर साल वृद्धि हो रही है। इसका फायदा छत्तीसगढ़ के टाइगर रिजर्व को भी मिलने लगा है। राज्य के गुरु घासीदास नेशनल पार्क में पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश स्थित संजय दुबारी नेशनल पार्क के बाघों की आवाजाही होती रहती है। इसी तरह से मध्यप्रदेश स्थित सिवनी जिले के पेंच टाइगर रिजर्व की एक बाघिन चार सौ किलोमीटर की यात्रा कर अचानकमार टाइगर रिजर्व में पिछले एक वर्ष से विचरण कर रही है।

अचानकमार टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर यूआर गणेश के मुताबिक, एटीआर में प्रे-बेस की व्यवस्था सुधरने की वजह से पड़ोसी राज्य के बाघ आकर्षित हो रहे हैं। एटीआर से लेकर कान्हा किसली तक टाइगर की आवाजाही का कॉरिडोर रहा है। अफसर ने पेंच की बाघिन के इसी कॉरिडोर से एटीआर आने की संभावना व्यक्त की है। पेंच की बाघिन एटीआर में होने की पुष्टि होने पर वन्यजीव प्रेमियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। साथ ही अफसरों से टाइगर की आवाजाही के कॉरिडोर को व्यवस्थित करने की मांग की है। अचानकमार में पेंच के बाघ के पुष्टि वर्ष 2022 में भेजी गई बाघों की गणना



रिपोर्ट तथा ट्रैप कैमरे से मिली फोटो में बाघों की धारियों के मिलान के दौरान हुई। जो बाघिन एटीआर में विचरण कर रही है, वह पेंच से 2022 से नदारद है। अफसरों के अनुसार, उक्त बाघिन सालभर पूर्व ही एटीआर पहुंची थी। जानकारों के मुताबिक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या केयरिंग कैपेसिटी से ज्यादा हो गई है। इसके चलते बाघों में द्वंद्व की स्थिति निर्मित होती है। इसके चलते बाघ नई टेरेटरी की तलाश में किसी दूसरे जंगल की ओर पलायन कर जाते हैं। इसी वजह से बाघ गुरु घासीदास नेशनल पार्क तथा एटीआर में पहुंच रहे हैं।

### बाघों की संख्या बढ़ाने इस ओर ध्यान देने की जरूरत

राज्य में बाघों की संख्या बढ़ाने वन विभाग के मैदानी अमले को शिकार रोकने के साथ जाल बिछाकर, जो शिकार करते हैं उसे रोकने एंटी स्नेयर वॉकिंग टीम को मजबूत करना होगा। साथ ही बाघों के शिकार के लिए प्रे-बेस बढ़ाने ग्रासलैंड विकसित करने की जरूरत है। राज्य के ज्यादातर वनक्षेत्रों में पालतू मवेशी पहुंचकर ग्रासलैंड को सफाचट कर रहे हैं, उन पर सख्ती से रोक लगाने की जरूरत है।

### रास्तों को लेकर अलग-अलग राय

पेंच पार्क प्रबंधन का मानना है कि बाघिन ने पेंच, कान्हा कॉरिडोर का उपयोग किया होगा और अचानकमार पहुंची होगी। वहीं एटीआर प्रबंधन का मानना है कि बाघिन ने जबलपुर जिले के जंगल से होते हुए करंजिया, बिछिया के रास्ते अचानकमार के जंगल में प्रवेश किया है। एटीआर प्रबंधन के तर्क की वजह यह है कि यह बाघिन कान्हा टाइगर रिजर्व में किसी भी कैमरे में ट्रैप नहीं हुई है। कई विशेषज्ञ इसके कान्हा या पेंच से महाराष्ट्र के जंगल से होते हुए अचानकमार पहुंचने की संभावना जता रहे हैं।

# एनपीए वालों की निगरानी नहीं, केवल शपथपत्र पर भरोसा, अब सीएमएचओ सिविल सर्जन की सूची जारी

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

नॉन प्रैक्टिस अलाउंस लेने वाले डॉक्टरों की निगरानी के बजाय विभाग द्वारा उनसे लिए गए शपथ पत्र पर भरोसा जताया गया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा अपने डॉक्टरों की सूची सार्वजनिक करने के बाद स्वास्थ्य संचालनालय की ओर से भत्ता प्राप्त करने वाले 70 सीएमएचओ और सिविल सर्जन की सूची जारी की गई है। नियम के मुताबिक, इस प्रकार का भत्ता लेने वाले चिकित्सक निजी अस्पतालों में जाकर अपनी सेवा नहीं दे सकते।


## प्रायवेट प्रैक्टिस करने वालों को अब तक नहीं किया गया सूचीबद्ध



पिछले कुछ समय से स्वास्थ्य विभाग में अव्यवसायिक भत्ते का मामला गरमाया हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री से लेकर विभागीय अफसर तक अलाउंस लेने के बावजूद प्रायवेट अस्पतालों में अपनी सेवा देने वाले डॉक्टरों को लेकर गंभीर हैं। इन पर रोक लगाने के लिए भत्ता प्राप्त करने वाले तमाम डॉक्टरों का नाम विभागीय स्तर पर सार्वजनिक किया गया है और निजी अस्पताल में उनकी प्रायवेट प्रैक्टिस को प्रतिबंधित किया है। इस मामले में सवाल यह उठाया जाने लगा है कि ऐसे चिकित्सकों के नाम का खुलासा करने के बाद उनकी निगरानी और कार्रवाई के लिए किसी टीम का गठन क्यों नहीं किया गया है? इन डॉक्टरों द्वारा दिए गए शपथपत्र पर ही भरोसा कर उन्हें शासकीय सेवा के प्रति समर्पित माना गया है। मेडिकल एजुकेशन विभाग की ओर से सभी शासकीय मेडिकल कालेज की सूची जारी की गई है। वहीं स्वास्थ्य संचालनालय द्वारा प्रदेश में कार्यरत सीएमएचओ और सिविल सर्जन का नाम सार्वजनिक किया गया है, जो अव्यावसायिक भत्ता लेते हैं। जानकार लोगों का कहना है कि इस मामले में ऐसे डॉक्टरों के नाम भी सार्वजनिक किए जाने चाहिए, जो शासकीय सेवा में होने के बाद भी निजी अस्पतालों में अटैच हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सरकारी अस्पतालों में ड्यूटी के बाद प्रायवेट प्रैक्टिस में छूट दी गई है, मगर वे किसी प्रायवेट अस्पताल से अटैच नहीं हो सकते। इस पर रोक लगाने के लिए निजी अस्पतालों से भी आयुष्मान योजना के तहत शपथपत्र मांगा गया है कि उनके संस्थान में कोई शासकीय चिकित्सक पूर्णकालिक, अंशकालिक अथवा ऑनकॉल प्रैक्टिस तो नहीं कर रहे हैं? स्वास्थ्य संचालनालय द्वारा एनपीए लेने वाले प्रभारी अधिकारियों की सूची के साथ नियम की अवहेलना करने वाले डॉक्टरों की शिकायत के लिए एक विभागीय ई-मेल भी जारी किया गया है। कहा गया है कि इन डॉक्टरों द्वारा अगर प्रायवेट प्रैक्टिस की जाती है तो शिकायत की जाए, ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इस मामले में किसी तरह की व्यवस्था जारी नहीं की गई है।

### निजी अस्पतालों में ज्यादा सर्जरी

कुछ साल पहले विभागीय अधिकारियों ने मेडिकल कॉलेज से संबंधित अस्पतालों की तुलना में प्रायवेट हास्पिटलों में ज्यादा सर्जरी होने पर आपत्ति की थी। उस दौरान सरकारी डॉक्टरों के प्रायवेट अस्पताल में काम करने का मामला भी सामने आया था। तब अस्पतालों से विभागवार होने वाली साप्ताहिक सर्जरी की जानकारी जुटाने के निर्देश दिए गए थे।






## खबर संक्षेप

### श्रमिकों के लिए 'ईश्रम-वन स्टॉप सॉल्यूशन' होगा शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार और युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया 21 अक्टूबर यानी सोमवार को 'ईश्रम -वन स्टॉप सॉल्यूशन' का शुभारंभ करेंगे। सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए एक स्थान पर हर तरह का समाधान देने की घोषणा की थी।

### आवक बढ़ने से तेल-तिलहन की कीमतों में हुई गिरावट



**नई दिल्ली।** खरीफ तिलहन फसलों की आवक बढ़ने के बीच देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहनों के दाम में गिरावट देखने को मिली। इस दौरान सरसों, सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम नुकसान के साथ बंद हुए।

### चेक कंपनी के अधिग्रहण के लिए जिंदल की बातचीत

**नई दिल्ली।** अपनी वैश्विक उपस्थिति को मजबूत करने के लिए घरेलू जिंदल समूह चेक कंपनी विटकोवाइस की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए बातचीत कर रहा है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि समूह अपनी इकाई जिंदल स्टील इंटरनेशनल के जरिये इस वित्त वर्ष के अंत तक यह अधिग्रहण पूरा कर सकता है।

# सीएसआर का पैसा इंटर्नशिप स्कीम पर खर्च कर सकेंगी पब्लिक सेक्टर कंपनियां

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- सीपीएसई को सीएसआर कोष का 60 प्रतिशत खर्च करना होता है

सरकार ने चालू वित्त वर्ष के लिए केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (सीपीएसई) के लिए कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) दिशानिर्देशों में संशोधन किया है।

अब सीपीएसई के सीएसआर में सामान्य विषय या थीम के रूप में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना को शामिल किया गया है। वर्तमान में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम अपने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व कोष का उपयोग करने में थीम या विषय-आधारित दृष्टिकोण का अनुपालन करते हैं। सीपीएसई को अपने सीएसआर कोष का 60 प्रतिशत किसी विशेष वर्ष के लिए निर्धारित 'थीम' पर खर्च करना होता है।

## सीपीएसई के लिए सीएसआर दिशानिर्देशों में किया गया संशोधन

### एक साल की इंटर्नशिप दो दिसंबर से होगी शुरू

पायलट परियोजना के तहत 12 महीने की इंटर्नशिप दो दिसंबर से शुरू होगी। इसपर 800 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष में 1.25 लाख युवाओं को इसके तहत लाने का लक्ष्य है। पीएम इंटर्नशिप योजना की घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने 2024-25 के बजट में की थी।




### योजना में 500 कंपनियां शामिल

इस योजना के तहत शीर्ष 500 कंपनियां 21-24 वर्ष की आयु के युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करेंगी और साथ ही जीवन बीमा सुरक्षा भी प्रदान करेंगी। एक वर्ष के लिए 5,000 रुपये की मासिक वित्तीय सहायता के अलावा, इंटर्न के लिए 6,000 रुपये का एकमुश्त अनुदान दिया जाएगा। मासिक सहायता में सरकार द्वारा 4,500 रुपये और कंपनी द्वारा अपने सीएसआर कोष से 500 रुपये दिए जाएंगे।

*स्वास्थ्य व पोषण में जोड़ी गई सीएसआर योजना*

*"हमने 2024-25 के लिए सीपीएसई द्वारा सीएसआर गतिविधियों के लिए सामान्य विषय के रूप में 'स्वास्थ्य और पोषण' में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना को जोड़ा है। सीपीएसई इस वित्त वर्ष में अपने सीएसआर कोष का 60 प्रतिशत 'स्वास्थ्य और पोषण' और प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना पर खर्च करेंगे।"*

*25 अक्टूबर तक पोर्टल पर होगा पंजीकरण*

*योजना के तहत 25 अक्टूबर तक पोर्टल पर पंजीकरण कराया जा सकता है और 26 अक्टूबर को आवेदकों का नाम छांटा जाएगा। इसके बाद 27 अक्टूबर से सात नवंबर तक कंपनियों द्वारा उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। इसके बाद चयनित उम्मीदवारों के पास पेशकश (ऑफर) स्वीकार करने के लिए आठ से 15 नवंबर तक का समय होगा। एक उम्मीदवार को अधिकतम तीन पेशकश दी जाएंगी।*

## शहरी खुदरा विक्रेताओं की आपूर्ति में 20 फीसदी की कटौती

# खुदरा विक्रेताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में कटौती, छह रुपए महंगी हो सकती है सीएनजी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने शहरी खुदरा विक्रेताओं को सस्ती घरेलू प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में 20 प्रतिशत तक की कटौती की है। सूत्रों का कहना है कि ऐसे में यदि ईंधन पर उत्पाद शुल्क की कटौती नहीं होती है, तो वाहनों को आपूर्ति की जाने वाली सीएनजी के दाम में चार से छह रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हो सकती है।

भारत के भीतर अरब सागर से लेकर बंगाल की खाड़ी तक के स्थलों से जमीन के नीचे और समुद्र तल के नीचे से निकाली गई प्राकृतिक गैस ऐसा कच्चा माल है जिसे वाहनों के लिए सीएनजी और रसोई में इस्तेमाल होने वाली पाइप वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) में बदला जाता है।

### पुराने क्षेत्रों से उत्पादन पांच फीसदी प्रति वर्ष घट रहा

मामले की जानकारी रखने वाले चार सूत्रों ने कहा कि पुराने क्षेत्रों से उत्पादन की कीमतें सरकार द्वारा नियंत्रित की जाती हैं। इनका उपयोग शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को किया जाता है। इन क्षेत्रों से उत्पादन सालाना पांच प्रतिशत तक घट रहा है। इस वजह से शहरी गैस वितरण कंपनियों को आपूर्ति में कटौती की गई है।

## 90 फीसदी मांग पुराने क्षेत्रों से होती थी



*सूत्रों ने बताया कि घरों में रसोई के लिए आपूर्ति की जाने वाली गैस संरक्षित है। ऐसे में सरकार ने सीएनजी के लिए कच्चे माल की आपूर्ति में कटौती की है। पुराने क्षेत्रों से प्राप्त गैस मई, 2023 में सीएनजी की 90 प्रतिशत मांग को पूरा करती थी और इसमें लगातार गिरावट आ रही है।*

- ईंधन पर उत्पाद शुल्क की कटौती नहीं होती है
- वाहनों को आपूर्ति की जाने वाली सीएनजी में वृद्धि संभव
- पुराने क्षेत्रों से उत्पादित कीमतों को सरकार करती है नियंत्रित




### केंद्र सीएनजी पर 14 फीसदी उत्पाद शुल्क वसूलती है

एक विकल्प यह है कि सरकार सीएनजी पर उत्पाद शुल्क में कटौती करे। वर्तमान में, केंद्र सरकार सीएनजी पर 14 प्रतिशत उत्पाद शुल्क वसूलती है, जो 14-15 रुपये प्रति किलोग्राम बैठता है। उन्होंने कहा कि अगर इसमें कटौती की जाती है, तो खुदरा विक्रेताओं को बढ़ी हुई लागत का बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डालना पड़ेगा।

### दिल्ली व मुंबई देश के सबसे बड़े सीएनजी बाजार

सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी एक राजनीतिक मुद्दा भी है क्योंकि महाराष्ट्र में अगले महीने चुनाव होने हैं और दिल्ली में भी जल्द चुनाव होने हैं। दिल्ली और मुंबई देश के सबसे बड़े सीएनजी बाजारों में से हैं।


### 4 से 6 रुपए की हो सकती है बढ़ोतरी

सूत्रों ने कहा कि 16 अक्टूबर से आपूर्ति में कटौती कर सीएनजी की मांग का सिर्फ 50.75 प्रतिशत कर दिया गया है, जो इससे पिछले महीने 67.74 प्रतिशत था। शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को इस कमी की भरपाई के लिए आयातित और महंगी तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे सीएनजी की कीमतों में 4-6 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी होगी।

### समाधान के लिए मंत्रालय से बातचीत

पुराने क्षेत्रों से प्राप्त गैस की कीमत 6.50 अमेरिकी डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट (एमएमबीटीयू) है, जबकि आयातित एलएनजी की कीमत 11-12 डॉलर प्रति इकाई है। सूत्रों ने कहा कि फिलहाल खुदरा विक्रेताओं ने सीएनजी की दरें नहीं बढ़ाई हैं क्योंकि वे इसके समाधान के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के साथ बातचीत कर रहे हैं।

# एआई के एकीकरण से कंपनियों की उत्पादकता में आई वृद्धि : रिपोर्ट



- 44 प्रतिशत संगठनों ने एआई एकीकरण से उत्पादकता में वृद्धि दर्ज की

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बड़ी संख्या में कंपनियों का मानना है कि आज कृत्रिम मेधा (एआई) प्रतिस्पर्धात्मक लाभ की कुंजी है। एक नयी रिपोर्ट के अनुसार, इन संगठनों ने एआई एकीकरण के जरिये उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि का अनुभव किया है। बीएमएल मुंजाल विश्वविद्यालय की 'उद्योग 5.0 और एआई रिपोर्ट' के अनुसार, 44 प्रतिशत संगठनों ने एआई एकीकरण के जरिये उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। इसके अलावा 21 प्रतिशत ने बताया कि एआई नवोन्मेषण को आगे बढ़ाने, नए उत्पादों, सेवाओं और कारोबारी मॉडल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, खासकर वित्त, स्वास्थ्य सेवा, विनिर्माण और विपणन जैसे क्षेत्रों में ऐसा देखने को मिल रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि लगभग 33 प्रतिशत संगठन उत्पाद विकास पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जबकि 29 प्रतिशत चैटबॉट और रोबोटिक प्रक्रिया स्वचालन (आरपीए) के जरिये ग्राहक सेवा के लिए एआई का लाभ उठा रहे हैं।

करीब 19 प्रतिशत व्यवसाय रुझानों का विश्लेषण के लिए एआई का उपयोग करते हैं, जबकि 13 प्रतिशत आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में सुधार के लिए एआई की मदद ले रहे हैं। रिपोर्ट 1,000 पेशेवरों की प्रतिक्रियाओं और 50 उद्योग विशेषज्ञों के साथ गहन बातचीत पर आधारित है।

### बोरोसिल को 7,000 करोड़ से अधिक राजस्व की उम्मीद

**जयपुर।** कांच के उत्पाद, प्रयोगशाला उपकरण और सोलर ग्लास बनाने वाले कारोबारी समूह बोरोसिल को अगले चार साल में अपना राजस्व दोगुना यानी 7,000 करोड़ रुपये पर पहुंचने की उम्मीद है।




# दीपम का अधिकारियों को शेयरों में कारोबार से बचने का निर्देश

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने अपने अधिकारियों से सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में कारोबार से बचने को कहा है। दीपम ने यह सलाह इसलिए दी है क्योंकि उसके अधिकारियों के पास सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी के बारे में बाजार की दृष्टि से संवेदनशील जानकारी हो सकती है।

निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग DEPARTMENT OF INVESTMENT AND PUBLIC ASSET MANAGEMENT

एक आंतरिक आदेश में दीपम ने कहा कि विभाग में शामिल होने वाले किसी भी अधिकारी को सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में अपनी हिस्सेदारी घोषित करनी होगी और ऐसे शेयरों को संबंधित अधिकारी द्वारा विभाग से मंजूरी के बाद ही बेचा जा सकता है। वित्त मंत्रालय के तहत आने वाला दीपम सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में सरकारी हिस्सेदारी का प्रबंधन करता है।

## सौर उपकरण आयात 2030 तक होगा 30 अरब डॉलर



**नई दिल्ली।** भारत का सौर उपकरण आयात 2030 बढ़कर सालाना 30 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रविवार को एक रिपोर्ट में कहा कि 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के देश के लक्ष्य को पूरा करने के लिए यह निर्यात बढ़ेगा। इस दौरान चीन पर निर्भरता भी बढ़ेगी। जीटीआरआई ने कहा कि भारत में एक आत्मनिर्भर सौर विनिर्माण उद्योग विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण निवेश की आवश्यकता होगी। विशेष रूप से पॉलीसिलिकॉन और वेफर उत्पादन जैसे क्षेत्रों में निवेश करना होगा। जीटीआरआई ने आगाह करते हुए कहा कि इसके बिना भारत को उच्च आयात लागत का सामना करना पड़ सकता है और अपने नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को पूरा करने के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है।

# कोटक महिंद्रा, स्टैंडर्ड चार्टर्ड का ऋण कारोबार खरीदेगा




**मुंबई।** निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक ने विदेशी स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के 4,100 करोड़ रुपये के व्यक्तिगत ऋण पोर्टफोलियो को खरीदने की घोषणा की। हालांकि बैंक ने सौदे की राशि का खुलासा नहीं किया। एक बयान के मुताबिक, कोटक महिंद्रा बैंक इस सौदे के तहत विदेशी ऋणदाता के ''मानक अग्रिम'' के रूप में वर्गीकृत व्यक्तिगत ऋणों को खरीदेगा। यह सौदा तीन महीने में पूरा होने की उम्मीद है। कोटक महिंद्रा बैंक ने इसे ''उच्च-गुणवत्ता वाले कर्जों का बहीखाता'' बताते हुए कहा कि यह सौदा बड़ा पैमाना हासिल करने और ग्राहक-केंद्रित वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करने की उसकी रणनीति के अनुरूप है और इससे खुदरा परिसंपत्ति बढ़ाने में मदद मिलेगी।

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला-कोरबा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क. 202410050400001/ अ-21/2023-24
ग्राम-कोरबा प0ह0नं0 16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी /आवेदक श्री उमेश प्रसाद उम्र-64 वर्ष पिता श्री बृजनंद प्रसाद निवासी-बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-कोरबा, प0ह0नं0-16. रानिमं0-कोरबा, तहसील-कोरबा स्थित परिवर्तित भूमि ख0नं0 366/34 रकबा 0.03 1/2 एकड़ भूमि एवं उस पर निर्मित मकान को प्रस्तावित क्रेता-श्रीमती मीना देवी शाह उम्र लगभग 51 वर्ष पति श्री चंद्रमा प्रसाद निवासी मकान नंबर 57 देवांगन पारा गांधी चौक कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ0ग0) के पास बिक्री करने की अनुमति चाहा है। जिसके लिए इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 11/11/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 18/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**कोरबा (छ.ग.)**

# सरकारी बैंकों में सीजीएम के पद बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार जारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- बढ़ते कारोबार व लाभप्रदता को देखते हुए विचार किया जा रहा
- वित्त मंत्रालय ने कहा, बैंकों ने रिकॉर्ड लाभ दर्ज किया

वित्त मंत्रालय MINISTRY OF FINANCE
सत्यमेव जयते

वित्त मंत्रालय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के बढ़ते कारोबार और लाभप्रदता को देखते हुए उनमें मुख्य महाप्रबंधकों के पदों को बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है।

मौजूदा सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, पीएसबी में चार महाप्रबंधकों के लिए एक मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) हो सकता है। सूत्रों ने बताया कि ये दिशानिर्देश 2019 में जारी किए गए थे और तब से कोविड-19 महामारी के बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पीएसबी के कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और इससे उन्होंने रिकॉर्ड लाभ दर्ज किया है। वित्तीय सेवा विभाग सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा वृद्धि के अगले स्तर को प्राप्त करने के लिए सीजीएम पदों की समीक्षा कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि दिशा-निर्देशों में ढील देने का फैसला गहन जांच और उनके कारोबार को आगे बढ़ाने की जरूरत पर विचार करने के बाद लिया जाएगा। सीजीएम पद 2019 में 10 राष्ट्रीयकृत बैंकों के चार बड़े बैंकों में विलय के बाद बनाया गया था। कार्यकारी निदेशक के बीच एक प्रशासनिक और कार्यात्मक संपर्क के रूप में कार्य करते हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने वित्तीय सेवा विभाग से यह भी अनुरोध किया है कि निदेशक मंडल को उनकी व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुसार पदों की संख्या तय करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

एक राष्ट्रीयकृत बैंक के वरिष्ठ कार्यकारी ने कहा, "जीएम/ डीजीएम/ एजीएम का मौजूदा अनुपात 1:3:9 है, जो 2016 की स्थिति पर आधारित है, और बेहतर कार्यात्मक नियंत्रण के लिए इसकी समीक्षा की जानी चाहिए।"

## राशिफल

**मेष** – खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। लाभ में कमी रहेगी।

**वृष** – नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान रहेगा। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** – नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**कर्क** – शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सन्तान की ओर से कोई सुखद समाचार मिल सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। सुस्वाद खानपान में रुचि रहेगी।

**सिंह** – कारोबार में सुधार होगा। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मानसिकता हो सकती है। वाणी में सौम्यता रहेगी।

**कन्या** – किसी मित्र के सहयोग से नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**तुला** – पिता से धन प्राप्त हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**वृश्चिक** – तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। सेहत का ध्यान रखें। बातचीत में सन्तुलन बनाए रखें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।


**धनु** – भाई-बहनों से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** – माता-पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में मेहनत अधिक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। वाहन सुख में वृद्धि होगी। खर्चों की अधिकता से परेशान रहेंगे।

**कुंभ** – कारोबार में कुछ परिवर्तन की सम्भावना बन रही हैं। आय में वृद्धि होगी। यात्रा खर्च बढ़ेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** – दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। अपनी भावनाओं का वश में रखें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

## शब्द पहेली - 5668



**बाएँ से दाएँ**
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आकर्षक, चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रेजी-2)
40. वहम, संदेह-2

### शब्द पहेली -5667 का हल



## सूडोकु नवताल- 5680

✱✱✱✱✩ मध्यम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

### सूडोकु नवताल- 5679 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |



# चेप्टेगी ने जीती वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



लंबी दूरी के महान धावक युगांडा के जोशुआ चेप्टेगी ने वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन जीत ली जो ट्रैक से रिटायर होने के बाद उनका पहला खिताब है। पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में मौजूदा विश्व चैंपियन और ओलंपिक चैंपियन चेप्टेगी ने 59 मिनट 46 सेकंड का समय लिया।

भारत में 2014 में बेंगलुरु में टीसीएस हाफ मैराथन के जरिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण करने वाले चेप्टेगी उस समय दूसरे स्थान पर रहे थे। कीनिया के एलेक्स मटाटा (59.53) दूसरे और किपकोरिर (59.59) तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में इथियोपिया की एलेमाडिस इयायु ने खिताब अपने नाम किया। इयायु ने एक घंटे 8 मिनट और 17 सेकंड का समय लिया। इथियोपिया की सिंथिया लिमो (1:08.27) दूसरे और टिरूये मेसफिन (1:09.42) तीसरे स्थान पर रही। सावन बरवाल ने (एक घंटा, दो मिनट और 46 सेकंड) और लिली दास (एक घंटा 18 मिनट और 12 सेकंड) ने क्रमशः भारतीय पुरुष और महिला वर्ग के शीर्ष खिताब जीते।

# भारत की लगातार दूसरी जीत, ग्रेट ब्रिटेन को 6-4 से दी मात

एजेंसी ▶▶| जोहोर बाहरु

दिलराज सिंह और शारदा नंद तिवारी के दो-दो गोल की मदद से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां ग्रेट ब्रिटेन को 6-4 से हराकर सुल्तान जोहोर कप हॉकी टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखा।

मोहम्मद कोनैन दाद (सातवें मिनट) ने भारत का खाता खोला। इसके बाद दिलराज (17वें, 50वें मिनट), शारदा नंद (20वें, 50वें मिनट) ने



गोल किए। इसके अलावा मनमीत सिंह (26वें मिनट) ने भी भारत की तरफ से गोल किया। ब्रिटेन की तरफ से रोरी पेनरोज़ (दूसरे, 15वें मिनट) और माइकल रॉयडेन (46वें, 59वें मिनट) ने दो-दो गोल करके मैच को रोमांचक बनाए रखा।

भारत ने शनिवार को जापान को हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया था। भारत ने लगातार दूसरा मैच जीत पर तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किए।

## क्लब विश्व कप खेलेंगे लियोनेल मेसी

फोर्ट लॉडरडेल। अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी अगले साल क्लब विश्व कप खेलेंगे। फीफा अध्यक्ष जियानी इंफेंटिनो ने शनिवार की रात घोषणा की कि इंटर मियामी इस टूर्नामेंट में खेलेगा। मेसी की अपार लोकप्रियता को देखते हुए इस घोषणा की अपेक्षा भी की जा रही थी। हर चार साल में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में फीफा के छह फुटबॉल परिसंघों की 32 टीमें भाग लेती हैं।

# न्यूजीलैंड ने भारत में 36 साल बाद जीता टेस्ट, 8 विकेट से मिली हार

**सीरीज का दूसरा मैच पुणे में 24 से 28 अक्टूबर के बीच खेला जाएगा**

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

न्यूजीलैंड ने जसप्रीत बुमराह के खतरनाक स्पैल का डटकर सामना करते हुए आखिरी दिन किसी चमत्कार की भारत की कोशिशों पर पानी फेर दिया। पहला टेस्ट आठ विकेट से जीतकर न्यूजीलैंड ने 36 साल बाद भारतीय सरजमीं पर पारंपरिक प्रारूप में सफलता का स्वाद चखा। आखिरी बार न्यूजीलैंड ने भारत को 1988 में जॉन राइट की कप्तानी में वानखेड़े स्टेडियम पर 136 रन से हराया था। जीत के लिए 107 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने शुरुआती झटकों के बाद कोई कोताही नहीं बरती।

विल यंग 48 रन बनाकर और रचिन रविंद्र 39 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 75 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त दिला दी। पहली पारी में 46 रन पर आउट होने के बावजूद भारत ने जिस तरह मैच में वापसी की थी, वह काबिले तारीफ है। टीम इंडिया दूसरी पारी में 462 रन पर ऑलआउट हो गई। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 402 रन बनाए थे। सीरीज का दूसरा मुकाबला पुणे में 24 से 28 अक्टूबर के बीच खेला जाएगा।



## डब्लूटीसी तालिका में शीर्ष पर भारत

*दुबई। न्यूजीलैंड से पहले टेस्ट में आठ विकेट से हारने के बावजूद भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। भारत का प्रतिशत गिरकर 68 .06 हो गया है और अब उसे आगामी दो टेस्ट तथा आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। तालिका में आस्ट्रेलिया 62.50 प्रतिशत के साथ दूसरे और श्रीलंका 55.56 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड इस जीत के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गया है। न्यूजीलैंड टीम नवंबर और दिसंबर में तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में इंग्लैंड की मेजबानी करेगी और शीर्ष दो में पहुंच सकती है।*

## भारतीय टीम के हार के पांच कारण

**1 टॉस के दौरान गलत फैसला**

रोहित ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। बेंगलुरु में टॉस से पहले दो दिन जमकर बारिश हुई थी और पिच कवर्स के नीचे थी। ऐसे में पिच पर नमी थी। इसका फायदा कीवी तेज गेंदबाजों ने उठाया। गेंद खूब स्विंग हुई और भारतीय बल्लेबाज ढेर हो गए।

**2 तीन स्पिनर्स को खिलाने का फैसला**

भारतीय टीम इस मैच में तीन स्पिनर्स को लेकर उतरी, जबकि कीवी टीम तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरी। भारतीय टीम मैनेजमेंट और कप्तान के इस फैसले ने सभी को हैरान किया। इस टेस्ट में 32 विकेट गिरे, जिसमें से तेज गेंदबाजों ने 22 विकेट लिए। टीम इंडिया से यहां भी रणनीतिक चूक हुई।

**3 आकाश दीप को मौका नहीं देना**

बुमराह और सिराज भारत के लीड पेसर हैं। हालांकि, पिछले कुछ समय में विपक्षी टीम को झटके देने की बात आती है तो आकाश दीप ने पिछले कुछ समय में अच्छी गेंदबाजी की है। वह गेंद को स्विंग कराते हैं और बेंगलुरु के ओवरकास्ट कंडीशन में आकाश घातक साबित हो सकते थे।

**4 राहुल लगातार हो रहे फ्लॉप**

साल 2021 के बाद से केएल राहुल का फॉर्म टेस्ट में कुछ खास नहीं रहा है। साल 2022 से लेकर अब तक उन्होंने 12 टेस्ट की 21 पारियों में 25.70 की औसत से 514 रन बनाए हैं। बेंगलुरु टेस्ट में राहुल ने पहली पारी में खाता भी नहीं खोला था, जबकि दूसरी पारी में वह 12 रन बनाकर आउट हुए।

**5 सिराज का विकेट नहीं निकाल पाना**

भारत के लिए सिराज का अहम मौकों पर विकेट नहीं निकाल पाने की कमजोरी ने परेशानी खड़ी कर दी है। इस साल वह भारत के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों में पांचवें नंबर पर हैं। उन्होंने आठ मैच की 16 पारियों में 19 विकेट निकाले हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 47.7 का रहा है।

## खबर संक्षेप

### पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला से हटे हेड

**एडीलेड।** आस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज ट्रेविस हेड भारत के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले



परिवार के साथ समय बिताने के लिये पाकिस्तान के विरूद्ध सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला नहीं खेलेंगे। हेड दूसरी बार पिता बनने वाले हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ अगले महीने तीन मैचों की वनडे श्रृंखला और टी20 श्रृंखला में भाग नहीं लेंगे। हेड भारत के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले ब्रेक लेंगे।

### आरएसपीबी, आईओसी ने फाइनल में बनाई जगह

**नई दिल्ली।** रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड और इंडियन आइल कारपोरेशन ने सीनियर महिला अंतर विभाग राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। आरएसपीबी ने भारतीय खेल प्राधिकरण को पहले सेमीफाइनल में 4-0 से हराया। नेहा (20वां मिनट), सलीमा टेटे (34वां) , कप्तान नवनीत कौर (38वां) और लालरेम्सियामी (60वां) ने गोल दागे। दूसरे सेमीफाइनल में आईओसी ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को 4-1 से हराया।

### सिनर ने जीती सिक्स स्लैम चैंपियनशिप

**रियाद।** इटली के यानिक सिनेर ने कार्लोस अल्काराज को 6-7, 6-3, 6-3 से हराकर सिक्स किंग्स स्लैम



नुमाइशी टेनिस चैंपियनशिप जीती जबकि नोवाक जोकोविच ने तीसरे स्थान के मैच में रफेल नडाल को 6-2, 7-6 से हराया। नडाल अपने कॅरियर में आखिरी बार यह चैंपियनशिप खेल रहे थे। बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल अगले महीने डेविस कप में स्पेन के लिए खेलने के बाद टेनिस को अलविदा कहेंगे।

# शमी फिट, शुरू किया गेंदबाजी अभ्यास



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने रविवार को बिना किसी परेशानी के नेट पर करीब एक घंटे तक गेंदबाजी की। शमी साल की शुरुआत में हुई टखने की सर्जरी से उबर रहे हैं। शमी ने यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के पहले टेस्ट के बाद नेट सत्र में गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल की निगरानी में गेंदबाजी की।

इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने देश के लिए अपना पिछला मुकाबला 2023 में एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में खेला था।शमी ने अभ्यास के दौरान भारत के सहायक कोच अभिषेक नायर को गेंदबाजी की। शमी के बाएं पैर में पट्टी बंधी थी। उन्होंने छोटे रनअप के साथ गेंदबाजी शुरू करने के बाद पूरे रनअप और अच्छी गति के साथ गेंदबाजी की। इस दौरान उन्होंने नायर को अपनी स्विंग गेंदों से परेशान भी किया। उन्होंने इस दौरान क्षेत्ररक्षण अभ्यास करने के बाद गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल से बातचीत भी की।

## रणजी ट्रॉफीः मुंबई जीत से 61 रन दूर

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और मध्यक्रम बल्लेबाज अंकित बावने के शानदार शतकों के बावजूद गत चैंपियन मुंबई रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के तीसरे दिन जीत के करीब पहुंच गया। महाराष्ट्र ने अपनी दूसरी पारी में 388 रन बनाए। इस तरह से मुंबई को जीत के लिए 74 रन का लक्ष्य मिला। उसने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 13 रन बनाए और इस तरह से वह लक्ष्य से अब केवल 61 रन दूर है।

# सुंदर भारतीय टेस्ट टीम में शामिल

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु



हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर को रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ शेष दो टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में आठ विकेट की हार के बाद चयनकर्ताओं ने वाशिंगटन को टीम में शामिल कर लिया। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को दिल्ली के खिलाफ चल रहे रणजी ट्रॉफी मैच में तमिलनाडु के लिए 152 रन बनाने के बाद टीम में शामिल किया गया है। वाशिंगटन ने जनवरी 2021 में गाबा में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की ऐतिहासिक जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने अपने पदार्पण टेस्ट में गेंद और बल्ले से प्रभावित किया था। न्यूजीलैंड श्रृंखला के बाद भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे को देखते हुए वाशिंगटन को एक बार फिर से टीम में शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने यहां जारी बयान में कहा, 'वाशिंगटन सुंदर दूसरे टेस्ट से पहले पुणे में टीम के साथ जुड़ेंगे।'

# भारत ने पाकिस्तान को सात रन से हराया

एजेंसी ▶▶| अल अमीरात

■ इमर्जिंग एशिया कप टी20

भारत ए क्रिकेट टीम ने सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए एसीसी इमर्जिंग एशिया कप टी-20 में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात रन से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की।

शीर्ष क्रम के शानदार प्रदर्शन से भारत ए ने आठ विकेट गंवाकर 183 रन बनाए। तिलक वर्मा ने 35 गेंदों पर 44 रन की पारी खेली। प्लेयर ऑफ द मैच तेज गेंदबाज अंशुल कांबोज (3/33), रसिख डार सलाम (2/30) और निशांत सिद्धू (2/15) के आगे पाकिस्तान ए टीम सात विकेट पर 176 रन ही



बना पाई। इस जीत की बदौलत भारतीय टीम ग्रुप बी में दो अंक और +0.350 के नेट रन रेट के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। यूएई फिलहाल इस ग्रुप में शीर्ष पर है। उसके दो अंक और +0.378 नेट रन रेट है। इस ग्रुप की चौथी टीम ओमान है। भारत का अगले मैच 21

## अभिषेक और प्रभसिमरन ने जोड़े 68 रन

भारतीय कप्तान तिलक वर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह ने पहले विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी निभाई। अभिषेक 22 गेंद में पांच चौके और दो छक्के की मदद से 35 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, प्रभसिमरन ने 19 गेंद में तीन चौके और तीन छक्के की मदद से 36 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। कप्तान तिलक ने 35 गेंद में दो चौके और दो छक्कों की मदद से 44 रन बनाए। नेहल वढेरा ने 22 गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 25 रन बनाए।

**जीते 11 पदक**

# एशियाई क्रॉस कंट्री में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



एजेंसी ▶▶| हांगकांग

भारतीय खिलाड़ियों ने रविवार को यहां एशियाई क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 11 पदक जीते। भारत ने सभी चार टीम श्रेणियों पुरुष, महिला और पुरुष अंडर-20 और महिला अंडर-20 में स्वर्ण पदक जीते।


भारत ने जहां पुरुषों की व्यक्तिगत 10 किमी स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया वहीं भारतीय महिला एथलीटों ने व्यक्तिगत 10 किमी दौड़ में स्वर्ण और रजत पदक जीता, लेकिन वह कांस्य पदक से चूक गईं। एशियाई खेलों के पदक विजेता और 5,000 मीटर और 10,000 मीटर ट्रैक स्पर्धाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह पुरुषों की 10 किमी दौड़ में शीर्ष पर रहे। उन्होंने 32:43 मिनट में यह दौड़ पूरी करके स्वर्ण पदक हासिल किया। अभिषेक पाल 32:49 मिनट के समय के साथ दूसरे जबकि अरुण राठौड़ 32:51 मिनट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। भारत के ही कार्तिक कुमार ने चौथा स्थान हासिल किया। महिलाओं की 10 किमी दौड़ में सीमा ने 37:20 मिनट का समय लेकर हमवतन संजीवनी जाधव को पीछे छोड़कर स्वर्ण पदक जीता। संजीवनी ने भी 37:20 मिनट का समय निकाला लेकिन फोटो फिनिश में वह पीछे रह गई और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

# फुगे विश्व कप फाइनल में पदक से चूके, ज्योति क्वार्टर से बाहर

एजेंसी ▶▶| टिलेक्सकला

उदीयमान सितारे प्रथमेश फुगे तीरंदाजी विश्व कप कंपाउंड सेमीफाइनल में तनावपूर्ण शूटआफ में मौजूदा चैंपियन मथियास फुलेर्टन से हारकर पदक से चूक गए। रोमांचक मुकाबले में दोनों तीरंदाजों ने पांचों दौर में परफेक्ट 10 स्कोर किया और एक अंक भी नहीं गंवाया। स्कोर 150-150 रहने के बाद शूटआफ से विजेता का फैसला हुआ।

शूटआफ में भी स्कोर 10-10 से बराबर रहा। इसके बाद डेनमार्क के तीरंदाज ने मामूली अंतर से फुगे को हराया। कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में वह विश्व चैंपियन माइक शोलेसेर से 150-146 से हार गए।



वहीं पूर्व विश्व कप पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम महिला कंपाउंड वर्ग में क्वार्टर फाइनल में एस्तोनिया की मीरी मारिता पास से 145-147 से हार गई। रिकर्व वर्ग में दीपिका कुमारी और धीरज बोम्मादेवरा उतरेंगे।

**जर्मनी के खिलाफ 23 और 24 अक्टूबर को खेले जाएंगे दो मैच**

# वरुण की भारतीय हॉकी टेस्ट टीम में वापसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जर्मनी के खिलाफ 23 और 24 अक्टूबर को यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिए डिफेंडर वरुण कुमार की भारतीय हॉकी टीम में वापसी हुई है। एक जूनियर वॉलीबॉल खिलाड़ी द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाये जाने के कारण वरुण पेरिस ओलंपिक और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी टीम में जगह नहीं बना सके थे।

हॉकी इंडिया सूत्रों ने बताया कि सभी आरोपों से क्लीन चिट मिलने के बाद वरुण को टीम में शामिल किया गया है। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी



वाली भारतीय टीम को मिडफील्डर हार्दिक सिंह की कमी खलेगी जो ओलंपिक में लगी चोट से उबर नहीं सके हैं। इस श्रृंखला के जरिए राजिंदर सिंह और आदित्य अर्जुन लालागे पदार्पण करेंगे।

गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक और सूरज करकेरा होंगे। टीम के बारे में कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, 'हम जर्मनी से खेलने को लेकर काफी उत्साहित हैं। हमने अनुभवी टीम चुनी है और इसमें कई खिलाड़ी वहीं हैं जिन्होंने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता है। राजिंदर और आदित्य अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण करेंगे जिन्होंने शिविर में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है।'

## भारतीय टीम

गोलकीपर : कृशन बहादुर पाठक और सूरज करकेरा।
**डिफेंडर** : हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह , अमित रोहिदास, वरूण कुमार, सुमित, नीलम संजीप सेस और संजय
**मिडफील्डर** : मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, विष्णु कांत सिंह, नीलाकांता शर्मा, शमशेर सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन और राजिंदर सिंह
**फॉरवर्ड** : मनप्रीत सिंह , सुखजीत सिंह, अभिषेक, आदित्य अर्जुन लालागे, दिलप्रीत सिंह और शीलानंद लाकड़ा।

### बाराद्वार थाना क्षेत्र के मुक्ताराजा नेशनल हाइवे की घटना

# मार्निंग वॉक पर निकली तीन महिलाओं की ट्रेलर की चपेट में आने से मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाराद्वार


घटना के बाद लगी भीड़ को समझाइश देती पुलिस।

मार्निंग वॉक पर निकली तीन महिलाओं को तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैलर ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में तीनों महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। सड़क हादसा बाराद्वार थाना क्षेत्र के मुक्ताराजा नेशनल हाइवे पर हुआ।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुक्ताराजा निवासी बिंदिया बरेठ पिता श्याम प्रसाद बरेठ उम्र 21 वर्ष, उसकी भाभी अकांक्षा बरेठ पति युवराज बरेठ उम्र 22 वर्ष तथा उनकी पड़ोसी सीमा भैना पिता कैलाश भैना उम्र 21 वर्ष रविवार 20 अक्टुबर की सुबह पांच बजे मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। वे नेशनल हाईवे में पैदल टहल रहे थे। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रेलर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए तीनों को अपनी चपेट में ले लिया। तीनों को गंभीर चोट आई और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। इधर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। एक साथ तीन मौत से लोग आक्रोशित होने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस बल भी कुछ देर बाद मौके पर पहुंच गई। नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी और एस आई अनवर अली ने स्थिति को देखते हुए पिड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और मौके से लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जिस प्रकार से लोगों की भीड़ इकट्ठा हुई थी उससे चक्काजाम की स्थिति बनते नजर आ रही थी। चूंकि लगभग एक वर्ष पहले ही सीमा भैना की छोटी बहन को मुक्ताराजा बस स्टैंड के पास एक ट्रेलर ने अपनी चपेट में ले लिया था जिससे उसकी मौत हो गई थी। कैलाश भैना नगर पंचायत के पूर्व पार्षद भी रहे हैं उनकी चार लड़कियां थी जिसमें सबसे छोटी बेटी का एक वर्ष पहले सड़क दुघर्टना में और तीसरी लड़की सीमा भैना की सड़क दुघर्टना में रविवार को मौत हो गई। बिंदिया और सीमा सहेली थी और दोनों पढ़ाई में अच्छी थी। साथ ही दोनों आरक्षक भर्ती की तैयारी में जुटी थी। सुबह दोनों दौड़ की तैयारी करती थी। मुक्ताराजा सहित पूरे नगर में एक साथ तीन मौत होने से पूरा नगर गमगीन है।

### सड़क पर स्पीड ब्रेकर और सीसी कैमरे लगाने की जरूरत

बाराद्वार क्षेत्र में भीमकाय वाहनों की आवाजाही लगातार होती रहती है। नगर समेत क्षेत्र में भी बड़े वाहनों से लेकर छोटे वाहन वाले अत्यधिक गति से चलते हैं जिससे सड़क बनने के बाद से दुर्घटना की संख्या बढ़ी है। नेशनल हाईवे के ठेकेदार के द्वारा नगर सीमा से पहले कहीं भी सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है जिससे वाहन चालकों को जानकारी ही नहीं हो पाता है कि आगे आबादी क्षेत्र है साथ ही स्पीड ब्रेकर होने से गति में कमी आएगी। नगर पंचायत की ओर से नगर क्षेत्र के मुख्य चौकों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं लेकिन अभी भी कयी स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे की जरूरत है जिससे ऐसी दुर्घटना को अंजाम देने वाले गाड़ियों को इसकी मदद से पकड़ा जा सके। लोकसभा चुनाव के समय स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने एस पी अंकिता शर्मा से मुलाकात कर स्पीड ब्रेकर तथा सीसीटीवी की नगर में आवश्यकता को बताया था, जिस पर उन्होंने थाने में उस समय पदस्थ निरीक्षक गगन वाजपेई को इस हेतु प्रयास करने के लिए कहा गया था, लेकिन नतीजा आज तक कुछ नहीं निकला है, जिससे सड़क दुघर्टना में लोगों की जान जा रही है।

# देवरी में पिकनिक मनाने गए दो युवक हसदेव नदी में डूबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

पिकनिक स्पाट देवरी में रविवार को एक बड़ी दुर्घटना हो गई। हसदेव नदी मे नहाने के दौरान दो युवक गहरे पानी मे डूब गए। पुलिस एस डी आर एफ की मदद से युवकों की तलाश मे जुटी है।

जांजगीर चाम्पा जिला के पंतोरा चौकी के देवरी में रविवार 20 अक्टूबर को ग्राम कापन से कुछ लोग पिकनिक मनाने गए थे। गांव से दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए 22 साल के लिखेस पटेल और सूखेन्द्र बरेठ दोपहर करीब 2 बजे नदी में नहाने चले गए। कुछ देर बाद दोनों युवक पानी मे नहीं दिखे तो साथ में गए दोस्त ने उनकी तलाश की। युवकों का कोई पता नहीं चलने पर पंतोरा पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। घटना की सूचना मिलने पर पंतोरा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर सूखेन्द्र और लिखेश की खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने एस डी आर एफ को बुलाया। एड डी आर एफ की मदद से भी खोजबीन की गई, लेकिन खबर लिखे जाने तक दोनों युवक का पता नहीं चल सका है।


युवकों की खोजबीन करती एसडीआरएफ की टीम।

### एक दिन पहले था सूखेन्द्र का जन्मदिन

सूखेन्द्र बरेठ का एक दिन पहले ही जन्मदिन था, जिसकी पार्टी मनाने सभी दोस्त देवरी पहुंचे थे। सूखेन्द्र बरेठ के साथ लिखेस पटेल नदी मे नहाने गया और दोनों पानी मे डूब गए। पानी की अधिक गहराई होने के कारण अभी तक दोनों का कुछ पता नहीं चल पाया है।

### देवरी है डेंजर जोन

जांजगीर चाम्पा जिला के देवरी चिचोली पिकनिक स्पाट को जिला प्रशासन ने पहले हैं डेंजर जोन घोषित कर दिया है। यहां गहरे पानी मे नहाने से रोकने के लिए निर्देश भी जारी किया है। इसके बाद भी लोग बड़ी संख्या मे देवरी के हसदेव नदी के किनारे पिकनिक मनाने जाते है,और हसदेव नदी की गहराई मे फंस जाते हैं। इससे पहले भी नदी में डूब कर कई लोग काल के गाल मे समा गए हैं।

### डुडगा में जुआ खेलते चार जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

जांजगीर-चांपा। पामगढ़ क्षेत्र के ग्राम डुडगा में छतदार चबूतरा के पास जुआ खेल रहे चार जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा है। उनके कब्जे से 22 सौ रूपये नगदी एवं 52 पत्ती तास की गड्डी जब्त की गई है।












epaper- www.haribhoomi.com

# हरिभूमि Classified

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** आफिस कार्य हेतु 2-3 साल अनुभवी एक लड़का या लड़की चाहिए योग्यता- बीएससी/ बीफार्मा सम्पर्क करें- मातुश्री ट्रेडिंग कम्पनी गुम्बर पेट्रोल पम्प के सामने, व्यापार विहार रोड बिलासपुर 8103774474 **(35743)**

**आवश्यकता है-** मेडिकल रिटेल के लिए अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है जो डाक्टरों का पर्ची पढ़ सके और कम्प्यूटर में बिल बना सके वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9111000629 **(1443)**

**आवश्यकता है-** रजिस्ट्री और कम्प्यूटर टाइपिंग कार्य के लिए कर्मचारी की आवश्यकता है सम्पर्क करें- श्रीजी कम्प्यूटर, डॉक्टर मंडरिया क्लीनिक के पास, नेहरू चौक बिलासपुर 9300794469, 70000 24896 **(35741)**

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने के लिए लड़के की आवश्यकता है सम्पर्क करें- विनय ऑटोमोबाइल गांधी चौक बिलासपुर **(35742)**

**आवश्यकता है-**कम्प्यूटर आपरेटर के लिए Busy Barcode Entry Billing के अनुभवी की आवश्कयता है सम्पर्क करें-मारूति ट्रेडर्स वृन्दावन परिसर तेलीपारा रोड बिलासपुर 9907772600 **(35729)**

**आवश्यकता है-**ऑटोमैटिक इनोवा चलाने हेतु एक अनुभवी लाइसेंसशुदा ड्राइवर की आवश्यकता है योग्यता न्यूनतम 12वीं पास, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मुंगेली नाका बिलासपुर 91313 12593, 9669396238 **(35710)**

**आवश्यकता है-**Reliance Jio 5G **कंपनी** (Sms Sending Calling Job) **करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए 21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त)** Name, **पता** Qualification, Call/ Sms/ Whats app **करें:- 9102935834 (3051)**

**आवश्यकता है-**सर्विस सेन्टर में काम करने हेतु पढ़े लिखे एवं मेहनती लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 76973 68454 **(35737)**

**आवश्यकता है-** ज्वेलर्स शॉप में कार्य करने हेतु शिक्षित सेल्समैन शिक्षित अनुभवी लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क- श्री शारदा एंड संस, श्याम सदर सराफा कांप्लेक्स सदर बाजार बिलासपुर 7024036104 **(35739)**

**आवश्यकता है-**ड्राइवर चाहिए ऑटोमैटिक व मैन्युअल कार हेतु अनुभवी लाइसेंसशुदा, पढ़ा लिखा, मेहनती, नशा रहित ड्राइवर की आवश्यकता है। वेतन 9000 अथवा योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 831912 4784, 9131626435 **(35732)**

**आवश्यकता है-**सीए आफिस में कामर्स ग्रेजुएट ट्रेनी/ अनुभवी (टैली एवं GST जानकार) एवं टैलीकालिंग हेतु युवक/ युवती चाहिए सम्पर्क करें- सीए दिनेश अग्रवाल, जूडिओ के बगल, लिंक रोड, बिलासपुर 7440969033, 07752414933 **(628)**

**आवश्यकता है-**पैसिंल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठै किंग की नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 7326057709, 90407 88138 **(3774)**

**आवश्यकता है-**Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम SMS जॉब करके लड़के, लड़कियों, गृहणियां कमाए 18000- 55000 महिना लैपटॉप+मोबाइल मुफ्त Call/ SMS/ Whats App करें - 07903284986 **(503)**

**आवश्यकता है-** शहर के पुराने एवं प्रतिष्ठित कालवीट नर्सिंग होम सरकंडा में ओटी एवं डिलीवरी में कार्य करने हेतु अनुभवी सिस्टर (नाईट ड्यूटी हेतु) और MBBS डॉक्टर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 798722 7200, 9425220382 **(35707)**

**आवश्यकता है- टेन्ट हाउस में काम करने के लिए कम्प्यूटर जानकार सुपरवाइजर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8001975775, 85169 86000 (623)**

**आवश्यकता है-**साफ-सफाई के कार्य हेतु आया, रेजा तथा कुली की आवश्यकता है संपर्क करें पल्लव भवन, रिंग रोड-2, बिलासपुर **(35735)**

**आवश्यकता है-**होलसेल मेडिकल एजेंसी में डाटा एंट्री आपरेटर 2पद की आवश्यकता है। होलसेल एजेंसी में कार्य के अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यतानुसार पता- मेलाराम हेमंत कुमार मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर 7999934599 **(2439)**

**आवश्यकता है-**बिजली दुकान में सामान निकालने जमाने हेतु सेल्समेन की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार जरूरतमंद सम्पर्क करें- रवि इलेक्ट्रीकल्स, पल्लव भवन के पास, गौरव पथ, रिंग रोड नं.-2 बिलासपुर 9827152158 **(35714)**

**आवश्यकता है-**होटल में वेटर लड़का/ लड़की, रोटी मिस्त्री, मिठाई नमकीन मिस्त्री, फ्राईपेन मिस्त्री, हेल्पर चाहिए रहने, खाने की सुविधा पेमेंट योग्यतानुसार पता- पाण्डेय स्वीट्स एंड नमकीन अशोक नगर चौक बिलासपुर 99077 48408 **(35722)**

**आवश्यकता है-** (दीपावली सुनहरा अवसर) आवश्यकता है जरूरत मंद लोग की आयुवेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित/बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें-लड़कियाँ हाउस वाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्ट टाइम/फुल टाइम 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं (जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC -2150/- +91 62673 24667 **(1333)**

**आवश्यकता है-**फील्ड बॉय, सेल्समैन,सेल्सगर्ल, मैनेजर की आवश्यकता है ब्रांडेड Ev टूव्हीलर बैटरी गाड़ियों के शोरूम में, रिज्यूम के साथ संपर्क करें-9584199929 **(3046)**

**आवश्यकता है-**डेंटल क्लीनिक में कार्य हेतु लड़की/ महिला की। कार्य समय 4:30 से 8:30 pm वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क- तनवानी डेंटल क्लीनिक प्रथम तल सरस्वती प्लाजा ईदगाह रोड मध्यनगरी चौक बिलासपुर 7999591937 **(35720)**

**आवश्यकता है-** स्पोर्ट्स दुकान में कार्य करने के लिए लड़के की आवश्यकता है सम्पर्क करें- प्ले स्पोर्ट्स, स्टेडियम के पीछे, इमलीपारा रोड, बिलासपुर 9827466147 **(35708)**

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर ऑपरेटर (कोरल ड्रा अनुभवी), हेल्पर एवं फ्लेक्स मशीन चलाने हेतु ऑपरेटर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- माँ कल्याणी प्रिंटर्स, यश पैलेस के पास, करबला रोड बिलासपुर 9893442780, 9109918498 **(35690)**

**आवश्यकता है-**ऑफिस कम्प्यूटर ऑपरेटर बिजी सॉफ्टवेयर, GST एकाउंट, कोटेशन की जानकारी रखने वाले लड़के/ लड़की एवं रिकवरी पेमेंट वसूली हेतु लड़के की। सम्पर्क- गुरुद्वारा के बाजू में गोड़पारा बिलासपुर 9669211111, 9827175811 **(35661)**

**आवश्यकता है- बिलासपुर 36मॉल एवं कोरबा पॉम मॉल में सिनेमा फुड काउण्टर में कार्य करने हेतु 10 लड़कों की आवश्यकता है, सैलरी 7000-8000 रहना+खाना संपर्क करें:- 9109919456, 81094 00008 (35697)**

**आवश्यकता है-** व्यापार विहार बिलासपुर स्थित आफिस में ऑफिस कार्य करने हेतु अकाउंटेंट की आवश्यकता है जिसे टेली, ERP 9 तथा एक्सल की जानकारी हो वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करे- 9425549722 **(35712)**

**आवश्यकता है-**माल जमाने,दिखाने तथा पैकिंग कार्य करने के लिए मेहनती लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। बायोडाटा सहित सम्पर्क करें-आर.के. बूट हाउस, तेलीपारा, बिलासपुर **(35675)**

**आवश्यकता है-** मार्केटिंग हेतु सेल्स ऑफिसर, ऑफिस हेतु अकाउंटेंट/ कम्प्यूटर ऑपरेटर, घर, दुकान हेतु पति, पत्नि की। (रहने की सुविधा) वेतन- योग्यतानुसार सम्पर्क- प्लस आटोमोबाइल शीतला माता मंदिर रोड, तारबाहर बिलासपुर 9425219804 **(35711)**

**आवश्यकता है-** मैट्रिमोनी ऑफिस कार्य हेतु गर्ल्स एवं महिलाओं की आवश्यकता है मैट्रिमोनी एक्सपीरियंस होल्डर को प्राथमिकता सैलरी 10000+ कमीशन+ बोनस सम्पर्क करें- हरिभूमि ऑफिस के पास महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 9993937575 **(35719)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य करने हेतु 18 से 25वर्ष के अविवाहित लड़के चाहिए जो सिटी से बाहर रहकर काम करे सैलरी 9000+ कमिशन + बोनस रहना फ्री सम्पर्क करें- मंगला चौक बिलासपुर 8817252877 **(27823)**

## बेचना

**बेचना है-**जयराम नगर स्टेशन बिलासपुर के पास एक बेड एक हाल किचन बाथ पोर्च नया मकान कीमत 13लाख 104×55 डायवर्टेट प्लाट रोड से लगा 190/- फुट बेचना है। सम्पर्क करें-9981599410 **(35514)**

**बेचना है-**Crossroad बिजनेस पार्क मुख्य सड़क व्यापार विहार चौथी मंजिल 24लाख सब टैक्स मेंटेनेंस पेड लिफ्ट सुविधा 326 वर्गफिट 3-ऑफिस 400 वर्गफिट 1-ऑफिस टिपटॉप कंडीसन में बेचना है सम्पर्क करें- 9302855022 **(627)**

**बेचना है-**देवी नगर महाराणा प्रताप चौक के पास 3 मंजिला सर्वसुविधायुक्त मकान एवं मोपका पेट्रोल पम्प के पीछे 3 मंजिला सर्वसुविधायुक्त मकान बेचना है कृपया खरीददार सम्पर्क करें- 70007 45225, 9770178486 **(35641)**

**बेचना है-**न्यू चंगोराभाटा रायपुर में 2BHK स्वतंत्र मकान बेचना है प्लाट एरिया 1340 वर्गफीट बिल्डर एरिया 1100 वर्गफीट संपर्क करें 9981165195 **(5976)**

**बेचना है-** बेचना व किराए पर श्री प्लाजा सरकंडा अशोक नगर में द्वितीय फ्लोर पर आफिस किराए पर तथा नये बस स्टैंड के सामने, मंगल भवन के पीछे 60x60 पूर्वमुखी, वास्तुकूल डायवर्टेड प्लाट बेचना है। मो.9425219418, 94254 47399 **(35734)**

**बेचना है-** सरकंडा सीपत रोड पाम एन्क्लेव प्रथम तल पर स्थित 3BHK 1550 वर्गफीट गार्डन व्यू अतिशीघ्र बेचना है कीमत 56 लाख संपर्क करें 7987444839 **(35728)**

**बेचना है-**2BHK मकान 1500 वर्गफुट एरिया में सर्वसुविधायुक्त कार पार्किंग, आनंद नगर व्हाईट हाउस के पास बिलासपुर में बेचना है संपर्क करें 9425535104 **(35705)**

**बेचना है-**जब्बल गली नेहरू नगर बिलासपुर में 45×62 में बना 22 कमरों का रनिंग कंडीशन में सर्वसुविधायुक्त हॉस्टल अतिशीघ्र बेचना है, सम्पर्क करें- 9981775459, 9981922140 **(35723)**

**बेचना है-** मंगला 36 मॉल के बाजू में संकट मोचन कॉलोनी में स्थित 30x65= 1950 वर्गफुट पूर्व मुखी प्राइम लोकेशन का प्लाट बेचना है सम्पर्क करें 9827497567, 7869903125 **(35668)**

**बेचना है-**कमर्शियल प्लाट बेचना है। सेंदरी पेंड्रीडीह हाईवे रोड ऊपर निरतू कोनी में 75x174, 132x184 एवं अटल यूनिवर्सिटी, सरस्वती महाविद्यालय के सामने 100x130 अशोक नगर बिरकोना में 150x140, 60x60, 50x60 का प्लाट बेचना है। संपर्कः- 98279 73060, 9406441535 **(3053)**

**बेचना है-** (1) बसंत विहार लोयोला स्कूल रोड के पास दुर्गा मंदिर के सामने स्वर्ण रेसीडेंसी के फर्स्ट फ्लोर में स्थित एक दुकान (2) गुरुनानक चौक छठ घाट रोड जेजे हॉस्पिटल के बगल में स्थित साँई निवास कॉम्प्लेक्स में फर्स्ट फ्लोर में स्थित 5 दुकान बेचना है 9301186703, 8253010291 **(35693)**

**बेचना है-**तिफरा यदुनन्दन नगर में 1500 वर्गफिट में बना मेन रोड का मकान जिसमे 1-दुकान, 2-बेडरूम, हाल, किचन, 3-बाथरूम, गार्डन, डबल रोड के साथ बेचना है कीमत 40लाख सम्पर्क करें- 9826314444 **(35713)**

## किराया

**किराया-** स्वर्ण जयन्ती नगर आरबी हॉस्पिटल के पास रिंगरोड नं. 2 बिलासपुर में 300 वर्गफुट दुकान होटल ऑफिस गोडाउन उपयोग हेतु किराये पर देना है संपर्क करें 96918 82066, 9303077003 **(35716)**

**किराया-** मोपका मैन रोड में स्थित शारदा रेसीडेंसी के बगल में सरकारी स्कूल के पास स्थित 7 फ्लैट 2BHK के किराया से देना है सम्पर्क करें- 93011 86703, 8253010291 **(35692)**

## व्यापार

**व्यापार-**अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं 30000- 50000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोना पत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर 7477221345, 99776 76447, बिलासपुर 83599 13999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 78697 55871 **(2998)**

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD

समाचार ही नही, विचार भी — 15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

Colour 20% Extra Charge For Disply

**SCHEME**
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 4.00 pm.

5% GST for All Ad

**EDUCATION SPECIAL-** Fix Size 10x3

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

**MATRIMONIAL CG+MP**

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

**HEALTH CARE** — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com







## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सरगुजा की ऊंची...

सीएम श्री साय ने स्थानीय स्तर पर टर्मिनल भवन में दीप प्रज्वलित कर हवाई सेवा का उद्घाटन किया। इस दौरान नव निर्मित हवाई पट्टी से फ्लाई बिग कंपनी की 19 सीटर विमान ने शाम 5.40 बजे उड़ान भरी। इस ऐतिहासिक पल में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक मौजूद रहे। सरगुजावासी वर्षों से हवाई सेवा की शुरुआत का इन्तजार कर रहे थे। हवाई सेवा शुरू करने को लेकर वैसे तो विगत दस वर्षों से प्रयास किया जा रहा था। प्रदेश में विष्णुदेव साय की सरकार आने के बाद प्रयासों को गति मिली। एयरपोर्ट निर्माण के लिए केंद्र व राज्य सरकार से मिली राशि के बाद भव्य टर्मिनल भवन, एयर स्ट्रिप बनकर तैयार हुआ और प्रदेश सरकार के प्रयासों की बदौलत ही मां महामाया एयरपोर्ट को डीजीसीए से लाइसेंस मिल पाया। लाइसेंस मिलने के बाद आज अंततः सरगुजा और अंबिकापुर देश के हवाई सेवा के नक्शे में शामिल हो गया। एयरपोर्ट का के उद्घाटन से सरगुजवासियों में हर्ष का माहौल है। दीपावली से पहले मिली इस सौगात का भागीदार बनने लोगों में उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोग दरिमा एयरपोर्ट पहुंचे थे और इस गौरवशाली पल के साक्षी बने। इस दौरान प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो, संचालक एविएशन संजीव झा, संभागायुक्त जीआर चुरेन्द्र, आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर, एसपी समेत आला अधिकारी मौजूद थे।

### आठ दशक पुराना...

और पीएम का यह सपना आज पूरा हो रहा है। हमारी वर्षों पुरानी मांग पूर्ण हुई। इस एयरपोर्ट के बनने से हम लोगों को हवाई यात्रा का अवसर मिलेगा, व्यापार, रोजगार में वृद्धि होगी।

### आकाश से जमीन...

के बाद फोर लेन सड़क पर जशपुर से रांची तक की दूरी सिर्फ दो घंटे में पूरी की जा सकेगी। वहीं सरगुजा में रेल सुविधाओं के विस्तार पर भी भाजपा सरकार में अनेक काम किए जा रहे हैं। सड़क, रेल और हवाई सेवा के विस्तार से ना सिर्फ संभाग के लोगों को आवागमन की सुविधा मिल सकेगी बल्कि रोजगार, विकास, पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा की संभावनाएं भी प्रबल होंगी। बता दें कि प्रदेश में विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार आने के बाद छत्तीसगढ़ में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। अभी प्रदेश सरकार के गठन को एक वर्ष का समय भी पूर्ण नहीं हुआ है और करोड़ों रुपए की सौगात छत्तीसगढ़ वासियों को मिल चुकी है। चूंकि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का नाता सरगुजा से है इसलिए सरगुजा संभाग को इसका लाभ मिला है। पांच वर्षों तक उपेक्षित रहे सरगुजा में विकास के अनेकों कार्य किए जा रहे है। हवाई सेवा की शुरुआत से आदिवासी क्षेत्र के लोगों का आसमान में उड़ने का सपना पूरा होगा तो वहीं सड़क पर भी आवागमन की सुविधा आसान होगी। सरगुजा में एनएच अंबिकापुर से राजधानी को जोड़ने वाली एनएच 130 का निर्माण पूर्ण हो चुका है जबकि जशपुर जिले से होते हुए झारखण्ड को जोड़ने वाली एनएच 43 सड़क अब भारत माता परियोजना में शामिल हो गई है। भारत माला परियोजना के अंतर्गत पत्थलगांव से छत्तीसगढ़, झारखंड की सीमा शंख तक फोरलेन सड़क बनाई जाएगी। पत्थलगांव से गुमला तक 137 किलोमीटर बनाने वाली फोर लेन सड़क को केंद्रीय कैबिनेट से 4473 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली है। सड़क निर्माण के बाद जशपुर से रांची 150 किमी की दूरी सिर्फ 2 घंटे में पूरी की जा सकेगी। परियोजना के तीसरे चरण में 130 किलोमीटर लंबी सड़क बनाने के लिए 100 से अधिक गांवों की भूमि अधिग्रहित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नेशनल हाइवे अथॉरिटी ने रायपुर से झारखंड सीमा तक फोरलेन सड़क बनाने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था। शासन ने इस सड़क को भारत माला प्रोजेक्ट में शुरू कराने के लिए मंजूरी दी है। सड़क का निर्माण करने के लिए पत्थलगांव से झारखंड सीमा तक लगभग 130 किलोमीटर क्षेत्र का सर्वे कार्य पूरा हो चुका है। देश की सबसे बड़ी सड़क परियोजना में यहां फोरलेन सड़क बनने से जशपुर तक आना जाना आसान हो जाएगा। जिले के आर्थिक विकास और व्यापार में वृद्धि होगी। साथ ही यहां पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे जशपुर जिले में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। वर्तमान में जिले से छत्तीसगढ़ के दूसरे जिलों में काफी समय लगता है और लोगों को तकलीफ़ उठानी पड़ रही है। काम को लेकर एनएच विभाग ने जितने गांव प्रभावित हो रहे हैं। उन गांवों का नक्शा कलेक्ट करने की कार्रवाई राजस्व विभाग ने शुरू कर दी है। प्रभावित गांवों में खंभे भी लगाए जा रहे हैं। नक्शा एकत्रित होने के बाद भू-अर्जन की कार्रवाई की जाएगी।

**नाग लोक में हाईवे का निर्माण-**

भारत माला परियोजना के तहत पत्थलगांव से रांची तक होने वाले सड़क निर्माण में जशपुर का तपकरा क्षेत्र भी शामिल है जिसे नाग लोक के नाम से जाना जाता है। इसके अलावा इस मार्ग के सघन वनों में बड़ी संख्या में जंगली हाथी सहित विभिन्न प्रजाति के वन्य प्राणी बड़ी संख्या में हैं। केंद्र सरकार ने नई परियोजनाओं की योजना बनाते समय पारिस्थितिक संतुलन सहित पर्यावरण संरक्षण और मानव सहित सभी प्राणियों की सुरक्षा पर विशेष रूप से ध्यान दिया है।

**सांपों के लिए लगेंगे ह्यूम पाइप-**

केंद्र सरकार के निर्देश को ध्यान में रखकर उरगा से पत्थलगांव के बीच सड़क निर्माण कार्य की ड्राइंग डिजाइन बड़ी सावधानीपूर्वक बनाई गई है। इस फोरलेन सड़क की जद में आ रहे 30 फीसदी वन क्षेत्र में सांपों की आवाजाही के लिए प्रत्येक 500 मीटर में ग्राउंड लेवल पर ह्यूम पाइप से रास्ता बनाया जाएगा। इस मार्ग पर आए दिन वाहनों के चक्कों के नीचे आकर सैकड़ों सांपों की मौत हो जाती है। उनके लिए सड़क के नीचे रास्ता बन जाने से सांप की मृत्यु की घटनाओं में रोक लग सकेगी। इसी तरह इस मार्ग में छोटे-छोटे वन जीवों की भी आए दिन वाहनों की चपेट में आकर मौत हो जाती आई। इस तथ्य को ध्यान में रखकर ह्यूम पाइप के दोनों हिस्सों में छोटे वन्य प्राणियों के लिए भी कम ऊंचाई के 4 फीट लम्बे और 4 फीट चौड़े प्लेटफार्म बनाए जाएंगे।

### संडे को भी...

में प्रवेश लेने वालों के पैरों तले जमीन खिसकी है और वे इस संकट से निपटने के लिए दूसरा रास्ता तलाश रहे हैं। शनिवार की तरह रविवार को भी एनआरआई कोटे से एडमिशन लेने वालों के दस्तावेजों की जांच करने कमेटी कॉलेज में दिनभर खाली बैठी रही। सोमवार को छात्रों को उपस्थित होने का अंतिम मौका दिया गया है। उपस्थित नहीं होने पर विद्यार्थियों का प्रवेश निरस्त माना जाएगा।

**पहले राउंड का एडमिशन मुद्दा-**

चर्चा है कि सुप्रीम कोर्ट की जांच के दायरे में आने वाले दूसरे राउंड के एनआरआई कोटे के छात्र प्रथम चरण के एडमिशन को मुद्दा बना रहे हैं। उनका तर्क है कि पहले दौर में भी एडमिशन पुराने नियम के आधार पर हुआ है तो वे कैसे पात्र हो सकते हैं। मामले में प्रभावित छात्रों द्वारा सोमवार को न्यायालय की शरण लिए जाने की चर्चा है।

### लोग जानते हैं कि...

*भी उन्हें देखना चाहिए। प्रदेश में मोदी की गारंटी को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले समय में हजारों करोड़ के काम होंगे। केंद्र सरकार राज्य को भरपूर मदद करेगी। तब लगेगा कि विकास क्या यह भी दिखेगा।*

- ***व्यापारी वर्ग को बड़ा उदार समर्थन भाजपा को मिलता रहा है। इस बार मान रहे हैं कि उन्हें थोड़ा अलग -थलग कर दिया है।***
- *व्यापारी वर्ग हमेशा पार्टी के साथ रहा है। जब भाजपा की सत्ता रहती है तो भय का माहौल नहीं होता। शिकायत के लिए उनके पास कई दरवाजे हैं। वो बता सकते हैं। सबका समर्थन भाजपा को मिलता है।*
- ***सुनील सोनी विधानसभा चुनाव के लिए कितने नए हैं। कुछ किए है, किसके नाम से वोट मांगेगे।***
- *शहर का ऐसा कौन सा क्षेत्र है जहां काम नहीं हुआ। महापौर रहते काम कराया वह कई काम है । शहर को पानी पिलाने का सपना था कि 150 एमएलडी का फिल्टर प्लांट बनाने के लिए राइजिंग पाइप लाइन बिछाई। सांसद बना तो अर्बन कमेटी के अंतर्गत 450 करोड़ की प्रोजेक्ट लाया। शहर बनने के बाद राजधानी के अंतर्गत सिग्नल लाइन लाया। प्राइवेट पार्टनरशिप पर हमने सिटी बस चलाई। लोग बोलते थे पागल आदमी है सिटी बस कहां चलेगी। एक जुनून था हमने काम करके दिखाया। ऐसे दर्जन काम हैं जसे हमने किए। दर्जनों काम है चाहे गार्डन, श्मशान घाट जैसे जरूरी काम हों। आयकर ट्रिब्यूनल लाया। भविष्य में शहर के रेलवे फाटक नहीं मिलेगा जहां पर फ्लाईओव्हर नही होगा। भाटापारा में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अस्पताल का काम चालू हो गया है। शहर के सभी सड़कों का चौड़ी करण किया। दो बार महापौर रहा, ईमानदारी से काम किया। अर्बन मिशन के तहत करोड़ों रूप सांसद रहते दिलाया, पर यहां पर लूट मचा दी। मैं भी राजनीति में काम करता हूं, लेकिन कभी बेवजह के आरोप नहीं लगाए।*
- ***सुनील सोनी को भी बड़ा आदमी बनने की कोई इच्छा है क्या।***
- *मै पार्टी का अच्छा कार्यकर्ता हूं। बड़ा आदमी, पार्टी ने मुझे बनाया। शहर का प्रथम नागरिक बनाया। मैं कई सारे बड़े पद पर रहा। उन पदों पर रह कर मैने कई काम किया। मैं बड़ा आदमी बहुत बार बना आरडीए में चैयरमैन रहा, महापौर रहा उन पदों पर काम करके पद को बड़ा बनाया। आम नागरिक की तरह हूं, पार्टी का कार्यकर्ता हूं।*
- ***विधायक बनकर क्या करेंगे।***
- *अभी विधानसभा चुनाव लड़ रहा हूं। पार्टी ने मुझ पर भरोसा किया है। आपका सुनील सोनी आपको निराश नहीं करेगा। आपकी आपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। ईमानदारी से काम करते हुए सरकार की योजनाएं आप तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा। अपने विजन को जनता पर नहीं थोपूंगा।*

### कश्मीर में आतंकी ...

चलाया गया। डीजीपी समेत टॉप अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। शुरुआती जांच से पता चला कि, जिन श्रमिकों पर हमला किया गया है, वे जेड मोड़ सुरंग पर काम कर रहे निर्माण टीम का हिस्सा थे, जो मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में गगनीर को सोनमर्ग से जोड़ती है।

ज्ञात हो कि शुक्रवार को आतंकियों ने बिहार के मजदूर की शोपियां में गोली मारकर हत्या कर दी थी। गोलियों से छलनी उसका शव सड़क किनारे पड़ा मिला था। इस घटना के विरोध में नागरिक समाज तथा कॉलेज के छात्रों ने शनिवार को विरोध मार्च निकालकर शांति की अपील की थी। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला समेत तमाम राजनीतिक दलों के नेताओं ने घटना की निंदा की थी।

**पुलिस, सेना को पूरी आजादी-**

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल कार्यालय ने भी एक एक्स पोस्ट में कहा, मैं गगनगीर में नागरिकों पर हुए जघन्य आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। मैं लोगों को आश्वस्त करता हूं कि इस कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। हमने जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सुरक्षा बलों को पूरी आजादी दी है।

### ग्रेनेड फेंकने वाले दो...

और देश विरोधी पोस्टर लगाने जैसी गतिविधियां की थीं और गुरुद्वारों, मंदिरों, अस्पतालों और सेना के ठिकानों पर ग्रेनेड फेंके गए थे। जहां आतंकवादियों का उद्देश्य क्षेत्र की साम्प्रदायिक सद्भाव को बाधित करना था। इससे पहले शुक्रवार को, सुरनकोट सेक्टर के डुंडक क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी से जुड़े व्यक्ति को पकड़ लिया। पुलिस ने पुष्टि की कि संदिग्ध के पास से चार ग्रेनेड बरामद हुए, जो हाल के आतंकवादी घटनाओं को सुलझाने में एक महत्वपूर्ण प्रगति हो सकती है।

वहीं, बारामुला जिले में एलओसी के पास सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। संभावित घुसपैठ के बारे में खुफिया सूचनाओं के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा एलओसी के सामान्य क्षेत्र उरी में एक संयुक्त एंटी-इन्फिल्ट्रेशन ऑपरेशन शुरू किया गया। सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाया और चुनौती दी, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग की। चौकस सैनिकों ने प्रभावी फायरिंग के साथ जवाब दिया। ऑपरेशन जारी है।

### जमीन के नाम पर...

छावनी हरिश पाटिल ने बताया कि डॉ. मनमोहन खंडूजा के खिलाफ जमीन के नाम पर ठगी की शिकायत के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी रही।

मुखबिर की सूचना पर छावनी पुलिस की टीम कलकत्ता पश्चिम बंगाल पहुंच गई, जहां थाना भवानीपुर पश्चिम बंगाल से संपर्क करने पर तीन दिनों बाद डॉ. खंडूजा के लैब में टीम उपचार के बहाने से पहुंची। आरोपी डॉ. खंडूजा को पकड़कर पूछताछ करने पर पहले टालमटोल करने लगा। इसके बाद डॉ. खंडूजा ने ठगी करना स्वीकार किया। सीएसपी ने बताया कि आरोपी डॉ. मनमोहन खंडूजा की 50 हजार वर्गफीट कुल रकबा 3.50 एकड़ की जमीन जुनवानी स्मृति नगर भिलाई में थी। इसे बेचने के लिए गंजपारा दुर्ग निवासी सोनल रूंगटा के साथ बातचीत कर जमीन का सौदा 96 करोड़ रुपए में दोनों पक्षों में तय हुआ।

### मार्निंग वाक पर निकले ...

योगेन्द्र पिता चोवाराम यादव (12), नीरज पिता आसकुमार (12), ग्राम सलोनी रोज की तरह मॉर्निंग वाक पर सुबह 4 बजे निकले थे। करीब 5:30 बजे सिंचाई कालोनी के पास रेत से भरी हाईवा क्रमांक-सीजी 07 सीसी 9021 ने दोनों छात्रों को अपने चपेट में ले लिया। योगेन्द्र यादव की मौके पर मौत हो गई। नीरज ध्रुव को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में लीलर निवासी 17 वर्षीय झम्मन लाल यादव भी घायल हो गया। वह दौड़ने के लिए सलोनी की ओर गया था। दोनों छात्रों को चपेट में लेने के बाद हाईवा ने झम्मन को भी ठोकर मार दी। उसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला कारोबार संघ के जिलाध्यक्ष सुरेश दास मानिकपुरी ने बताया कि घटना के बाद गांव में आक्रोश पनपने लगा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



होंडा अधिकृत विक्रेता एवं ब्रांच : बिलासपुर: ड्रीम होंडा- 07752 -409057, उसलापुर: ड्रीम होंडा- 9516661444, बिलासपुर: सरकंडा, मौसाजी होंडा-7024149881, 07752-412121, जगमल चौक: मौसाजी होंडा- 07752 -417070, 9109690484, अम्बिकापुर : महामाया होंडा- 7489027000, जसवानी होंडा- 8358063000, बैकुंठपुर: प्रमिला होंडा- 7000405012 , जांजगीर-चांपा: गट्टानी होंडा - 7694011205, कोरबा: विशाल होंडा- 07759-222509, कृष्णा होंडा- 6232103020, जशपुर : देवनारायण होंडा - 9425251702, रायगढ़: शारदा होंडा - 9300473589, शांति ऑटो होंडा - 9343609281, मुंगेली: मानसी होंडा - 9131402454, 8649933333
For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com
Embassy

# राज्योत्सव 4 से 6 नवंबर तक, आएंगे उपराष्ट्रपति धनखड़

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ का राज्योत्सव 4 से 6 नवंबर तक मनाया जाएगा। जानकारी मिली है कि नवा रायपुर में आयोजित मुख्य समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे और 6 तारीख को समापन के अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। हालांकि राज्य सरकार ने अब तक इन कार्यक्रमों का आधिकारिक ब्योरा जारी नहीं किया है।

छत्तीसगढ़ का राज्योत्सव 1 नवंबर को मनाया जाता है, लेकिन इस बार दीपावली का पर्व 31 अक्टूबर को होने तथा उसके बाद 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा और उसके बाद 3 तारीख को भाईदूज है। लोग इस दौरान त्योहार में व्यस्त होते हैं, इसलिए राज्योत्सव 1 तारीख को मना पाना संभव नहीं हो रहा है। राज्योत्सव की तारीखें भी आधिकारिक रूप से जारी नहीं की गई हैं, लेकिन प्रदेश सरकार ने मुख्य समारोह और जिलों में होने वाले दो दिनों के कार्यक्रमों की तैयारी के निर्देश दिए हैं। सरकार ने ये भी कहा है कि 1 नवंबर से प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में रोशनी की जाए। बताया गया है कि राज्योत्सव के दौरान 4 नवंबर को नवा रायपुर में मुख्य कार्यक्रम आयोजित है। इस दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। साथ ही मुंबई के कलाकारों द्वारा कार्यक्रम पेश किया जाएगा। इसके बाद अगले दिन 5 तारीख को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा। 6 को समापन समारोह के दिन राज्य अलंकरण दिए जाएंगे। जानकारों के अनुसार, कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तावित है, अंतिम समय तक कार्यक्रम में फेरबदल संभव है। छत्तीसगढ़ में इस बार हो रहे राज्योत्सव पर त्योहारों के कारण तो असर हो ही रहा है। साथ ही ये सवाल भी उठ रहे हैं कि क्या चुनाव आचार संहिता का भी इस पर असर पड़ेगा? दरअसल रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव के लिए पिछले दिनों आचार संहिता लागू हो चुकी है। यह 23 नवंबर परिणाम आने तक लागू रहेगी।





















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com